आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, शनिवार 21 मार्च 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 123
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

93 पार रुपया 'शहंशाह' खामोश!




पेज-2

नया कदम रखने जा रही सई मांजरेकर



पेज-5

गौतमपुरा भंगार व्यापारी को नेताओं का संरक्षण



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- 'होर्मुज को लेकर अमेरिकी अधिकारी का बड़ा ऐलान -3 से 4 दिन में भारत कसे बंदरगाहों तक पहुंचेगा तेल-गैस
- देशभर में ईद का जश्न आज; दिल्ली के छोटे-बड़े बाजारों से लेकर गली-मुहल्ले तक रौनक, अदा की गई नमाज
- ईद पर मथुरा में बवाल : 'फरसा वाले बाबा' की हत्या का आरोप, हाईवे पर पथराव; एसडीएम और पुलिस की गाड़ी तोड़ी
- 200 करोड़ क्लब में शामिल धुरंधर 2', दूसरे दिन भी 'पुष्पा 2' का रिकॉर्ड तोड़ा; वर्ल्डवाइड कमाई में मारी बाजी
- यूपी : मौसम का यूटर्न, जमकर बारिश, सीतापुर-बाराबंकी में गिरे ओले, 11 की मौत
- पीएम मोदी की आपत्तिजनक एआई तस्वीर पोस्ट करने वाला शख्स गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने बिहार से दबोचा
- सोनम वांगचुक 22 मार्च को पहुंचेंगे लेह, लोगों से बड़े जश्न से परहेज की अपील

# आज-कल आ सकती है आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची

## इंदौर कलेक्टर भी फेरबदल के फेर में

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में ईद के बाद कभी भी आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची आ सकती है। प्रशासनिक गलियारों में चल रही चर्चाओं के अनुसार इस सूची में कोई 20 कलेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा मंत्रालय स्तर पर कुछ अधिकारियों के विभागों में फेरबदल के साथ ही तीन कमिश्नरों के तबादले की भी चर्चा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मुख्य सचिव अनुराग जैन के बीच इस संबंध में फाइनल चर्चा हो चुकी है और अब कभी भी तबादला सूची आ सकती है। पता चला है कि मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई भी इस चर्चा के दौरान मौजूद रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सूची में 20 कलेक्टर के नाम बताए जा रहे हैं। इनमें से कुछ को



दूसरे जिलों में पदस्थ किया जा सकता है और कुछ मंत्रालय में पदस्थ किए जाएंगे। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण निगमों का एम डी बनाया जा सकता है।

चर्चाओं के अनुसार कुछ जिला कलेक्टर के बदलाव तो निश्चित ही हैं और उसके कारण भी अलग हैं - जैसे 2010 बैच के आईएएस अधिकारी भोपाल के कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह अब सुपर टाइम स्केल में आ चुके हैं और उनका तबादला तय है। इसके साथ-साथ बड़ी चर्चा है कि इंदौर के कलेक्टर का भी तबादला हो सकता है। इसके कई कारण बताएं जा रहे हैं। धार के कलेक्टर प्रियंक मिश्रा का तबादला तो लगभग तय माना जा रहा है। सरकार उन्हें धार भोजशाला जैसे संवेदनशील मुद्दे को लेकर किए गए बेहतर कार्य के लिए अच्छी पोस्टिंग भी देना चाहती है। सूत्र बताते हैं कि मंडला के कलेक्टर सोमेश मिश्रा भोपाल या इंदौर के कलेक्टर बन सकते हैं। ग्वालियर की कलेक्टर रुचिका चौहान और रीवा की कलेक्टर प्रतिभा पाल का तबादला भी तय माना जा रहा है। इन दोनों महिला अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की चर्चा है। इसके अलावा बैतूल कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी, नर्मदापुरम की कलेक्टर सोनिया मीणा, शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, शहडोल कलेक्टर केदार सिंह,उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना,मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग, सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, दमोह के कलेक्टर सुधीर कोचर और मैहर कलेक्टर रानी बाथड का नाम भी तबादला सूची में दिखाई दे सकता है।

### ईरान जंग पर 1 घंटे में डोनाल्ड ट्रंप के 2 यूटर्न

# 'सीजफायर नहीं करूंगा', अब 'युद्ध खत्म कर देना चाहिए'

**वाशिंगटन (एजेंसी)** • ईरान जंग पर अमेरिका को कुछ भी सूझ नहीं रहा। ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका बीच मझधार में फंसा है। वह कभी आगे जाने की सोचता है तो कभी पीछे। जी हां, डोनाल्ड ट्रंप कभी ईरान जंग खत्म करना चाहते हैं तो कभी नहीं चाहते। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध पर एक घंटे के अंदर दो बड़े बयान दिए हैं। ये दोनों बयान एक-दूसरे से उलट हैं। पहले उन्होंने साफ कहा कि वे ईरान के साथ जंग में सीजफायर यानी युद्धविराम नहीं चाहते। मगर कुछ देर बाद ही उन्होंने कहा कि ईरान युद्ध को खत्म कर देना चाहिए। बता दें कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जंग 28 फरवरी से ही जारी है।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संघर्षविराम की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि जब युद्ध के मैदान में वाशिंगटन का पलड़ा भारी है, तो वह अपने सैन्य अभियान को रोकने के लिए तैयार नहीं है। ट्रंप ने पहले भी कई बार कहा था कि ईरान को बिना शर्त सरेंडर करना होगा और वे कोई कमजोर डील नहीं लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने ईरान की जीत का दावा किया है।

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हम बातचीत कर सकते हैं, लेकिन मैं संघर्ष-विराम नहीं करना चाहता। जब आप सचमुच दूसरी तरफ को पूरी तरह से तबाह कर रहे हों, तब आप संघर्ष-विराम नहीं करते। हम ऐसा करने की सोच भी नहीं रहे हैं।' उन्होंने जोर देकर कहा कि अमेरिका अभी मजबूत स्थिति में है और ईरान को बुरी तरह नुकसान पहुंच रहा है। इस तरह डोनाल्ड ट्रंप का कहना था कि ईरान की सेना लगभग खत्म हो चुकी है।

# 7 माह के लिए छठे राज्य वित्त आयोग का गठन, पवैया बने अध्यक्ष

- केके सिंह सदस्य और वीरेंद्र कुमार आयोग के सदस्य सचिव बने, अधिसूचना जारी
- आयोग अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल अक्टूबर 2026 तक रहेंगा
- निकायों की आर्थिक स्थिति की समीक्षा कर राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपेगा आयोग

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • राज्यपाल की अनुमति के बाद मप्र सरकार ने छठे राज्य वित्त आयोग का गठन कर दिया है। वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया को छठे राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व आईएएस केके सिंह को आयोग का सदस्य और विधानसभा के पूर्व अपर सचिव वीरेंद्र कुमार को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।



आयोग में अन्य सदस्यों की नियुक्ति अलग से की जाएगी। आयोग के अध्यक्ष और सदस्य अपने पद ग्रहण करने की तारीख से 31 अक्टूबर, 2026 तक कार्य करेंगे। आयोग एक अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली 5 वर्षीय अवधि के लिए अपनी सिफारिशें तैयार करेगा और 31 अक्टूबर, 2026 तक राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपेगा। राज्य वित्त आयोग का मुख्य कार्य पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना और उसे सुदृढ़ बनाने के लिए सुझाव देना होगा।

राज्य और स्थानीय निकायों के बीच कर, शुल्क, पथकर और फीस के शुद्ध आय का बंटवारा। पंचायतों और नगरीय निकायों के बीच राजस्व का उचित आवंटन। राज्य की संचित निधि से अनुदान (ग्रांट-इन-एड) के सिद्धांत तय करना। स्थानीय निकायों की आय बढ़ाने पर फोकस करना। भूमि और संपत्ति से जुड़े कर एवं स्टाम्प शुल्क के राजस्व का हिस्सा तय करना। पेट्रोलियम उत्पादों पर कर से मिलने वाली आय का वितरण। पंचायतों और नगरीय निकायों की ऋण सीमा और पुनर्भुगतान क्षमता तय करना। पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उपाय करना।

## लव कुश चौराहे पर बन रहे डबल डेकर फ्लायओवर ब्रिज का विहंगम दृश्य...



# दुष्कर्म के आरोपी बाबा के चरण धोती दिखीं महिला आयोग अध्यक्ष, छिनी कुर्सी

**मुंबई (एजेंसी)** • महाराष्ट्र की महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश के बाद लिया। रूपाली चाकणकर ने ये इस्तीफा नासिक में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार ज्योतिषी अशोक खरात से उनके संबंधों को लेकर लगे आरोपों के बाद दिया है।

एनसीपी (अजीत पवार गुट) की नेता और महिला आयोग की अध्यक्ष चाकणकर पर अशोक खरात के साथ घनिष्ठ संबंधों का आरोप लगने के बाद से ही उनके इस्तीफे की मांग तेज हो गई थी। फर्जी बाबा अशोक खरात



को नासिक से गिरफ्तार किया गया है, जिस पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न और एक महिला के साथ बार-बार रेप का संगीन आरोप है। हालांकि रुपाली चाकणकर ने अपना त्याग पत्र मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भेजा है, उसमें उन्होंने 'व्यक्तिगत कारणों' का हवाला दिया है। चाकणकर को महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा के पद पर 15 अक्टूबर, 2024 को नियुक्त किया गया था।

**विपक्ष ने लगाए थे गंभीर आरोप**-इस मुद्दे को लेकर शिवसेना (यूबीटी) की नेता सुषमा अंधारे और एनसीपी की रूपाली थोंबरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चाकणकर पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि कुछ पीड़ितों को शिकायत दर्ज न करने के लिए कथित तौर पर धमकाया गया और उन पर दबाव बनाया गया। उन्होंने पुलिस से कॉल रिकॉर्ड की जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की।

# पटवारी का नया दांव : दिग्विजय सिंह भी हो सकते हैं राज्यसभा के उम्मीदवार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मालवा के मशहूर कथावाचक मोहित नागर शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर पटवारी ने कहा कि वे राज्यसभा की रेस में शामिल नहीं हैं, लेकिन दिग्विजय सिंह फिर से जा सकते हैं।

पटवारी से जब पूछा गया कि क्या वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने इससे इनकार करते हुए कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष का पद जिम्मेदारी का पद होता है। 24 घंटे भी कम पड़ते हैं। इस तरह की जिम्मेदारी का ये पद है। तो मेरे अलावा कोई भी साथी होगा वो सौ प्रतिशत राज्यसभा जाएगा। जीतू पटवारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या दिग्विजय सिंह राज्यसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं तो उन्होंने कहा-बिल्कुल हो सकते हैं ये



### लाड़ली बहना को बताया छल

पटवारी ने आज पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पूरे मप्र और देश में भयावहता है। महंगाई हर घर के चूल्हे को ग्रसित कर रही है। बहनों के साथ लाड़ली बहना एक तरह से छल था। तीन हजार रुपए का वादा करके 1500 रुपए देना। एक करोड़ बहनों को देना और तीन करोड़ बहनों को छोड़ देना। मप्र में चार करोड़ बहनें हैं जिनसे 3 हजार रुपए महीना देने का वादा था।

पार्टी निर्णय करेगी। पटवारी ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पास होगा। उन्होंने कहा कि हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है, यह देश के लिए गंभीर संकट का विषय है। भाजपा सभी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। पटवारी ने कहा कि जैसे हर बार कांग्रेस मजबूत होकर आगे बढ़ी है, वैसे ही इस बार भी राज्यसभा चुनाव में पार्टी पास होगी।

**दिग्विजय सिंह कर चुके हैं इनकार**-उल्लेखनीय है मध्यप्रदेश में जून में खाली हो रही राज्यसभा की सीट को लेकर चर्चाएं जारी हैं। दिग्विजय सिंह पहले ही राज्यसभा जाने से इनकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वे तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाना चाहते है। ऐसे में कांग्रेस में उम्मीदवार को लेकर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

**बेरोजगारी पर सरकार को घेरा**-पटवारी ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मप्र में बेरोजगारी भयावह है। शिवराज और मोहन यादव की सरकार में रोजगार के सपने दिखाए गए। मप्र बेरोजगार युवाओं का गढ़ बन गया। बैकलॉग के पद हों या सामूहिक विवाह की योजना, विधवा पेंशन मात्र 600 रुपए मिल रहे हैं। मप्र कर्ज में डूबता प्रदेश बन गया है। आज फिर कर्ज लेने की तैयारी है। परसों कर्ज लिया था।

### 24 को लोकार्पण, लेकिन एटीआर उड़ानों तक सीमित रहेगा टर्मिनल-1

# 50 करोड़ रु. के टर्मिनल पर बड़ा सवाल बढ़ते इंदौर के लिए फिर भी छोटा इंतजाम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर 24 मार्च को नवीनीकृत पुराने टर्मिनल-1 का लोकार्पण होने जा रहा है। करीब 50 करोड़ की लागत से तैयार इस परियोजना को यात्री सुविधाओं में विस्तार और एयरपोर्ट विकास की बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यह टर्मिनल इंदौर की मौजूदा और भविष्य की जरूरतों के मुकाबले शुरुआत से ही छोटा नजर आ रहा है। जानकारों का कहना है कि एयरपोर्ट पर यात्रियों संख्या पहले ही 44 लाख सालाना के आसपास पहुंच चुकी है और हर वर्ष इसमें करीब 6 लाख यात्रियों की बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब शहर का हवाई दबाव इतनी तेजी से बढ़ रहा है, तब एक नए और बड़े टर्मिनल की दिशा में ठोस पहल करने के बजाय पुराने ढांचे के नवीनीकरण पर ही 50 करोड़




रु. खर्च करना की कितना व्यावहारिक फैसला है।

प्रबंधन ने कहा कि नवीनीकृत टर्मिनल-1 का उपयोग मुख्य रूप से एटीआर विमानों के संचालन के लिए किया जाएगा। यानी यह भवन एयरपोर्ट के कुल यात्री दबाव का केवल सीमित हिस्सा ही संभाल सकेगा। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक यहां से रोजाना लगभग 2739 यात्रियों के संचालन की व्यवस्था रहेगी। यह संख्या इंदौर जैसे तेजी से बढ़ते शहर की जरूरतों की तुलना में बहुत सीमित मानी जा रही है। टर्मिनल 1 शुरू होने के बाद एयरपोर्ट की कुल क्षमता बढ़कर 50 लाख यात्री प्रतिवर्ष तक पहुंच जाएगी, लेकिन मौजूदा वृद्धि दर को देखें तो यह अतिरिक्त क्षमता भी कुछ ही वर्षों में कम पड़ सकती है।

**नया टर्मिनल है समय की मांग**-जानकारों के अनुसार एयरपोर्ट परिसर में विस्तार की संभावना मौजूद होने के बावजूद नया टर्मिनल विकसित करने के बजाय पुराने भवन को ही नया रूप देने का रास्ता चुना गया।

# इंदौर शहर कांग्रेस में सात साल बाद 52 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित, बड़े नेताओं के समर्थक शामिल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर शहर कांग्रेस में अध्यक्ष चिंटू चौकसे की कार्यकारिणी का गठन हो गया है। इंदौर में सात साल बाद कांग्रेस की शहर कार्यकारिणी बनी है। इसके पहले तत्कालीन अध्यक्ष विनय बाकलीवाल के समय 400 से ज्यादा पदाधिकारियों की महा जंबो कार्यकारिणी थी। इसे साल 2019 में भंग कर दिया गया था। इसके बाद कार्यकारिणी ही नहीं बनी। बाकलीवाल के बाद एक दिन के लिए अरविंद बागड़ी और फिर सुरजीत सिंह चड्ढा शहराध्यक्ष बने, लेकिन इंदौर शहर कार्यकारिणी का गठन नहीं हुआ। अब चिंटू चौकसे के अध्यक्ष बनने के बाद कमेटी का गठन हुआ है। कांग्रेस कार्यकारिणी में शहर के पूर्व विधायकों व अन्य बड़े नेताओं के समर्थकों को जगह दी गई है।

**इस बार संख्या सीमित 52 पदाधिकारी बनाए गए**–इस बार इस संख्या को काफी सीमित रखा गया है। कार्यकारिणी में कुल 52 पदाधिकारी है। इसमें कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग बने हैं। वहीं 10 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 19 सचिव, दो प्रवक्ता ( लोकेश हार्डिया व दीपू चौहान) और दो सोशल मीडिया प्रभारी (नागेश जाधव व हितेश वर्मा) बने हैं।





### स्थाई और आमंत्रित सदस्य की भी सूची

इसके साथ ही स्थाई और विशेष आमंत्रित सदस्यों की सूची भी जारी हुई है– स्थाई सदस्यों में सत्यनारायण पटेल, शोभा ओझा, कृपाशंकर शुक्ला, सुरेश मिंडा, अर्चना जायसवाल, श्याम यादव, रमेश यादव, रामखिलावन वर्मा, चंद्रशेखर आजाद, मजहर हुसैन व अश्विन जोशी। विशेष आमंत्रित सदस्यों में यशपाल गेहलोत, जगदीश जोशी, ईश्वर जोशी, मुन्ना ठाकुर, अशोक जारवाल, सुधीर सेठिया, दिलीप कुदल, एन भागवत, ठाकुर जितेंद्र सिंह, राधे बौरासी, मोहम्मद अशरफकान, संजीव सेठ,ललित सोनकिया व अर्पित शर्मा।

### यह है उपाध्यक्ष, महामंत्री और सचिव

**उपाध्यक्ष–** प्रवेश यादव, बलराम परिहार, अंकित धवन, कमल नागर, जगदीश सतैया, गुलाब सोनकर, मित्रा भाटिया, सत्यनारायण सवाड़िया, गोपी यादव गोविंद परिहार है।

**महामंत्री–** नरेश यादव, अजित ठाकुर, संजय जासवाल, अभिजीत शर्मा, मुकेश पुरी, समीर शेख, जितेंद्र घोड़गांवकर, हिरओम शर्मा, विजेंद्र सिंह, विनोद चौकसे जेनेश झांझरी, आरबी सिंह भदौरिया, सौरभ हार्डिया, मुकेश यादव, भूपेंद्र सलूजा, अभिषेक मित्तल, संतोष वर्मा, कपिल हेडऊ।

**सचिव–** सुधीर सोनी, राजेश मेवाड़ा, रोहन तावेड़ा, नमन छाबड़ा, जितेश बदलानी, कन्हैया मिमरोट, ऋतुराज कनखेड़िया, कपिल प्रजापत, आशीष यादव, आयाज गुड्डु, विशाल जोसफ, राहुल गोलाने, कपिल नेगी, इरफान शेख, अख्तर नेता, अनस एहमद, सुधीर सिंह, अभिषेक करोसिया और सदफ पठान।

## लाडली बहना योजना का विरोध करते-करते कांग्रेस महिला विरोधी बन गई है - सुमित मिश्रा



*शक्ति का पर्व नवरात्र चल रहा है, पूरा देश शक्ति की आराधना कर रहा हैं और जिस शहर की पहचान लोकमाता देवी अहिल्या के नाम पर है, उसी इंदौर में शहर कांग्रेस की कार्यकारिणी में किसी महिला को स्थान ना देकर कांग्रेस ने ये साबित कर दिया है कि वो महिला विरोधी पार्टी बन गई है। प्रदेश की माताओं को शराबी कहकर अपमानित करने वाली कांग्रेस और उसके प्रदेश अध्यक्ष को यदि माताओं बहनों से इतनी ही नफ़रत है तो उन्हें अपनी पार्टी की महिला इकाई भी भंग कर देना चाहिए। ये बात भाजपा के शहर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने आज जारी एक बयान में कही। श्री मिश्रा ने कहा कि मातृशक्ति को अपमानित करना कांग्रेस की फितरत बन गई है। कभी इनके नेता महिलाओं को टंच माल कहकर मातृशक्ति का अपमान करते है तो कभी शराबी कहकर। जब मोदीजी की सरकार ने महिला आरक्षण बिल पास किया तब भी कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर इसमें रोड़े अटकाए थे और जब भाजपा सरकार ने लाडली बहना योजना लागू की तब भी कांग्रेस इसके विरोध में खड़ी हो गई थी।*

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटोडील बंद कर भागा संचालक, युवक को ठगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के परदेशीपुरा में एक ठगी का मामला सामने आया है। यहां एक ऑटोडील से स्कूटर फायनेंस कराने के बाद पीड़ित ने पूरे रुपए जमा कर दिए। जब उसे बैंक से फायनेंस खत्म होने के बाद किश्तों को लेकर कॉल आने लगे तो उसने मौके पर जाकर देखा। यहां पर ऑटोडील बंद हो चुका था। जानकारी निकाली तो पता चला कि उसने कई लोगों से रुपए लेकर नहीं चुकाए। मामले में पीड़ित ने थाने आकर शिकायत की। इसके बाद एफआईआर की गई। पुलिस के मुताबिक मनोज बुरहाने निवासी रामनगर की शिकायत पर दीपक शर्मा और रेणु शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में एफआईआर की गई है। मनोज ने बताया कि उसने क्लर्क कॉलोनी में श्याम मोटर्स से 9 महीने पहले जूपिटर स्कूटर फायनेंस पर ली थी। जिसमें 22 हजार रुपए भरे थे। इसके दो से तीन माह में पूरे रुपए देने की बात कही थी। तब दीपक शर्मा ने 80 हजार देने के बाद एनओसी देने की बात कही थी। जिसमें अंकाउट से कुछ किश्तें कटीं, लेकिन इसी बीच 17 मार्च 2025 को 49 हजार 5 सौ रुपए नकद जमा करने के बाद 22 अप्रैल को 28 हजार 5 सौ रुपए और जमा कर दिए।

### मातृ स्वास्थ्य पर इंदौर में दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ संघ द्वारा यूनाइटेड नेशन्स पॉपुलेशन फंड के सहयोग से 21 और 22 मार्च को दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। यह दो दिनी कॉन्फ्रेंस ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगी। मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस शैक्षणिक कार्यक्रम में चिकित्सक, विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हितधारक एक मंच पर जुटेंगे। कॉन्फ्रेंस के पहले दिन स्टाफ नर्सों और पैरामेडिकल कर्मियों के लिए PPH से निपटने पर विस्तृत कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 'कोड रेड: घटना से पहले तैयार रहें' थीम पर आधारित इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य प्रसूति देखभाल के दौरान आने वाली जटिल परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रतिभागियों को स्पष्टता, आत्मविश्वास और अद्यतन ज्ञान प्रदान करना है।

### युद्ध की वजह से दवा की सरकारी सप्लाई भी संकट में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य-पूर्व एशिया में जारी युद्ध से दवा उद्योग भी अब संकट में आ गया है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में अस्पतालों और स्वास्थ्य विभाग को होने वाली दवा आपूर्ति भी संकट में पड़ सकती है। एमएसएमई श्रेणी के दवा उद्योग जो सरकार को दवा आपूर्ति करते हैं, उनके लिए बड़ी लागत से तालमेल बैठाना मुश्किल हो गया है। इस बीच कई तरह के कच्चे माल की आपूर्ति भी तंग है। दवा उद्योगों ने सरकार से सहयोग की मांग की है। सरकारी आपूर्ति के टेंडरों की मियाद बढ़ाने से लेकर राहत पैकेज की जरूरत बताई है। साथ ही जीवन रक्षक दवाओं के लिए नए दामों पर अलग से शार्ट टेंडर जारी करने की जरूरत करार दी गई है।

### आलू चिप्स कारखानों में बिना ट्रांजिट पास पहुंच रही लकड़ियां

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आलू चिप्स बनाने वाले कारखानों में बिना ट्रांजिट पास से बड़ी मात्रा में लकड़ी पहुंच रही है। इस संबंध में वन विभाग के मुख्यालय तक शिकायत पहुंच गई है। वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरे मामले में इंदौर वनमंडल से जानकारी मांगी है। इसके बाद वनमंडल में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायत में बताया गया है कि एक ही ट्रांजिट पास (टीपी) का इस्तेमाल कर एक से ज्यादा वाहनों से लकड़ी खाली करवाई जा रही है। यह नियमों का खुला उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने जांच के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर एसडीओ प्रियंका बामनिया ने महू-मानपुर रेंज में संयुक्त टीम गठित की है।



## वूमेन वॉकथाम में महिलाओं ने लिया भाग लिया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● वूमेन वॉकथाम में महिलाओं ने लिया भाग । आज शाम को नेहरू स्टेडियम से महिलाओं के लिए वूमेन वॉकथाम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकडो महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन निगम के मार्गदर्शन हुआ। अतिथि महापौर पुष्य मित्र भार्गव, कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, राजेश दंडोतिया, सी ओ अर्चना अग्रवाल ने झंडी बताकर वूमेन वॉकथाम को रवाना किया गया। स्टेडियम से, शिवाजी वाटिका, गीता भवन चौराहा होते हुए। पुनः स्टेडियम में संपन्न हुई।

## लाइमलाइट डायमंड्स के दूसरे स्टोर लॉन्च

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भारत के सबसे बड़े और विश्वसनीय लैब ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड, लाइमलाइट डायमंड्स ने इंदौर में एबी रोड पर नया स्टोर लॉन्च कर अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया है। यह नया स्टोर शहर के एमजी रोड स्थित पहले स्टोर को मिले सकारात्मक प्रतिसाद को देखते खोला गया है। स्टोर का उद्घाटन लाइमलाइट डायमंड्स के डायरेक्टर करम चावला और रीजनल पार्टनर शाश्वत जैन की उपस्थिति में ब्रांड की नेतृत्व टीम के साथ किया गया। यह लॉन्च उच्च संभावनाओं वाले मार्केट में लाइमलाइट के निरंतर विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्टोर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो आधुनिक डिज़ाइन और गुणवत्ता को महत्व देते हैं।

### स्वच्छता में तो 10 में से 10 नंबर

## ड्रेनेज सफाई, साफ पानी, पब्लिक टॉयलेट जैसी सुविधाओं को लेकर लोगों ने शिकायत की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● नगर निगम के मेयर इंटर्न प्रोग्राम के तहत चयनित इंटर्न 85 वार्डों में स्वच्छता सर्वे देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कंपोस्टिंग से कचरे खाद बनाना की प्रक्रिया, जीरो वेस्ट, गार्डन, बैक लाइन, साफ-सफाई व अन्य चीजें देखीं। समीक्षा के दौरान इंटर्न से पूछा गया कि आपके सर्वे में लोगों ने स्वच्छता पर कितने नंबर दिए, सभी ने कहा- 10 में से 10 नंबर। लोग स्वच्छता की व्यवस्था व सफाई कर्मियों के समर्पण से खुश हैं, लेकिन ड्रेनेज सफाई, साफ पानी, पब्लिक टॉयलेट्स, जनप्रतिनिधियों व नगर निगम में सुनवाई व सुविधाओं की उपलब्धता पर लोगों ने शिकायत की। 90 फीसदी इलाकों में रहवासी जागरूक हैं। इंटर्न से जब पूछा गया कि वार्ड में कमियां नजर आईं? उन्होंने क?हा कि कहीं-कहीं लोगों ने समस्याएं बताईं और कहा- व्यवस्थाएं हैं, लेकिन क्रियान्वयन ठीक नहीं है। ड्रेनेज का गड्ढा खुदा है, सड़क खराब है, वार्ड में नलों में पानी नहीं आता, दूषित आता है। दूरस्थ वार्डों में मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं।

**इंटर्न के अनुभव**

- वार्ड 9 स्थित वृंदावन कॉलोनी से आयुष ने बताया कि निगम जीरो वेस्ट वार्ड बना रही है, लेकिन लोग बारिश की डूब से चिंतित हैं।
- भागीरथपुरा वार्ड देखने गए वेदांत ने बताया लोग बोले- पीने का पानी ही साफ नहीं मिल रहा है।
- वार्ड 74 में पहुंचे रेहान खान ने बताया यहां अंदरूनी और निचले इलाकों में परेशानी देखी गई।
- वार्ड 44 में पहुंचीं आरती ने कहा पेड़ों से गिरने वाले पत्ते का कचरा वाहन नहीं ले जाते हैं।
- वार्ड 38 में जया तलाडे, वार्ड 61 में अनुराग गर्ग, वार्ड 7 में अनंत गोयल, रोहित मंडलोई वार्ड 73, अदिति जैन वार्ड 13, पवन टांक वार्ड 58, यश पंवार वार्ड 42, रितिक वोहरा वार्ड 57, राहुल प्रजापत वार्ड 37 व वार्ड 60 में संयम जैन पहुंचे।

## 93 पार रुपया, 'शहंशाह' खामोश! कांग्रेस का पोस्टर वार, 51 हजार का इनाम घोषित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कांग्रेस नेता विवेक खंडेलवाल और गिरीश जोशी के नेतृत्व में डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट को लेकर शहर में तीखा पोस्टर वार किया गया। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर सीधे अमिताभ बच्चन को निशाने पर लेते हुए पुराना ट्वीट याद दिलाया है।

पोस्टर में साल 2013 का वह ट्वीट दिखाया गया है, जब गिरते रुपये पर अमिताभ बच्चन ने चिंता जताई थी। अब जबकि रुपया 93 के पार पहुंच चुका है, कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि उस समय आवाज उठाने वाले आज खामोश क्यों हैं। कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि उस दौर में कई अभिनेता-अभिनेत्रियों ने रुपये की गिरावट पर खुलकर प्रतिक्रिया दी थी, लेकिन आज सभी चुप्पी साधे हुए हैं। मामले को और गर्माते हुए कांग्रेस ने 51,000 रुपये के इनाम की घोषणा भी की है। यह इनाम उस व्यक्ति को दिया जाएगा जो अमिताभ बच्चन से इस मुद्दे पर ट्वीट करवा दे या यदि स्वयं बच्चन इस पर प्रतिक्रिया देते हैं तो उन्हें यह राशि दी जाएगी।




पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रुपये की जो गिरावट इस दौर में देखने को मिल रही है, वह 'अकल्पनीय' है और पहले यही भाजपा कहती थी कि रुपये का गिरना देश की इज्जत गिरने के बराबर है।

रुपये के गिरने से होने वाली प्रमुख हानियां: आयात महंगा हो जाता है, जिससे पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ते हैं, महंगाई बढ़ती है, आम जनता की जेब पर सीधा असर पड़ता है विदेश में पढ़ाई और यात्रा करना महंगा हो जाता है।

### रात का भी गिरा तापमान 41 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली हवाएं

## पश्चिमी शहर में 1.4 मिमी बारिश दर्ज और पूर्वी में 5.6

### बारिश के बाद दिन का पारा हुआ सामान्य से 6 डिग्री कम, हुई ठंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में गुरुवार रात को गरज-चमक के साथ बादल जमकर बरसे। बारिश के साथ ही पूरे शहर में 41 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चली। अचानक बदले इस मौसम के कारण दिन और रात के तापमान में भी कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने एक-दो दिन शहर में बारिश की संभावना जताई है।

शुक्रवार को भी को सुबह से हल्के बादल छाए हुए थे। और मौसम में ठंडक घुल गई थी। रात को बारिश के बाद अचानक ठंड बढ़ गई और लोगों को गर्मी के दिनों में ठंड का अहसास हो रहा था। गुरुवार रात 10 बजे के बाद अचानक मौसम बदला और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ देर में जोरदार बिजली कडकने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। बेमौसम हुई इस बारिश से लोग हैरान थे, साथ ही गर्मी से राहत मिलने से खुश भी थे। रात करीब 1 बजे तक रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा। इसके बाद भी तेज हवाएं बहती रहीं। मौसम केंद्र के मुताबिक गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच कुल 1.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं पूर्वी शहर में स्थित कृषि महाविद्यालय पर 5.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई।



**दिन का तापमान सामान्य से छह तो रात का 3 डिग्री कम रहा**–मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बारिश के बाद दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री कम दर्ज हुआ। गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री रहा था, वहीं शुक्रवार को यह और गिरकर 30.2 डिग्री दर्ज हुआ। यह सामान्य से 6 डिग्री कम था। वहीं गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह के बीच न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री और एक रात पहले की अपेक्षा 3.4 डिग्री कम था। यानी बारिश होने के कारण 24 घंटों में ही रात के तापमान में 3 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान हवाओं की दिशा दक्षिण-पश्चिम रही और अधिकतम रफ्तार 41 किलोमीटर प्रतिघंटे तक पहुंची। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी दिनों में भी इसी तरह गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

तेज हवाओं के साथ इंदौर में तार टूटे, हुई बत्ती गुल गुरुवार देर रात अचानक बारिश के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। रात में बिजली के तारों से चद्दर टकराई, वहीं कुछ जगह पर बड़े होर्डिंग्स भी जमीन पर आ गिरे। पूर्वी क्षेत्र में 5-6 जगह पर बड़ी लाइन के तार टूटने से तलावली चांदा से लेकर डेली कॉलेज, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, दूधिया, बंगाली चौराहा आदि जगह तीन से चार घंटे अंधेरा रहा।

विजयनगर, मालवा मिल, बापट चौराहा, 78 स्कीम के उपभोक्ता इसलिए परेशान रहे कि बिजली इंजीनियरों ने उनके फोन तक नहीं उठाए। रात करीब 11 बजे बारिश के साथ बिजली की ट्रिपिंग का सिलसिला शहर के हर क्षेत्र में रहा, जहां 15 मिनट से लेकर आधे घंटे में ज्यादातर स्थिति नॉर्मल हो गई, लेकिन तलावली चांदा में बिजली की बड़ी लाइन का तार टूट गया था, जिसके कारण यहां सुबह 4 बजे तक स्थिति नॉर्मल हुई।

### ब्रजेश्वरी अग्निकांड में दर्ज नहीं हो सके परिजनों के बयान, पड़ोसियों ने दिए बयान

## नहीं सुलझ रही गुत्थी... आग कैसे और कहां से शुरू हुई थी?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● ब्रजेश्वरी में मनोज पुंगलिया के मकान में हुआ अग्निकांड कैसे हुआ इसकी गुत्थी अभी तक सुलझ नहीं पाई है। पुलिस ने इस मामले में कई पडोसियों के बयान लिए लेकिन वे भी इस बात का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए कि आग कहां से शुरु हुई थी। बिजली विभाग ने भी जांच के बाद दावा किया है कि आग बिजली पोल के शार्ट सर्किट से नहीं लगी है। मनोज के बेटे सौरभ का कहना है कि आग बिजली के पोल से शुरु हुई थी। दूसरी ओर पुलिस को अब फोरेंसिक रिपोर्ट और परिजनों के बयान का ही आसरा है। फोरेंसिंक जांच और परिजनों के बचान से ही ये गुत्थी सुलझ सकती है कि आग कहां से शुरु हुई थी। ब्रजेश्वरी में हुए अग्निकांड को लेकर पुलिस ने कई पडोसियों के बयान लिए। परिजनों के बयान नहीं हो पाए। पुलिस के मुताबिक पुंगलिया के पड़ोसी भरत जैन, दीपक शर्मा, सुरेंद्र नागर सहित कई पडोसियों के बयान पुलिस ने लिए। पुलिस मनोज पुंगलिया के परिजनों के बयान भी लेने वाली थी लेकिन उनके बयान नहीं हो पाए हैं, पुलिस उनके बयानों के आधार पर भी आग लगने के कारणों का पता लगाएगी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है परिजनों ने कहा है कि आग बिजली के पोल पर हुए शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। अब पुलिस कई बिन्दुओं पर आग लगने के कारण खोजने में जुटी है।



**पडोसी नहीं बता पाए स्पष्ट कारण**–एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह के अनुसार मनोज पुगलिया, उनकी बहू सिमरन सहित 8 लोगों की मौत के इस मामले में शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। इसके बाद भी बिजली विभाग, फोरेंसिक एक्सपर्टस और अन्य से जांच कर आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि अभी तक जिन पडोसियों के बयान दर्ज हुए हैं उनका कहना है कि वे आग लगने और शोरगुल होने के बाद ही घरों से बाहर आए थे इसलिए आग कहां से शुरु हुई है ये स्पष्ट रूप से नहीं बता पाए हैं। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि जो परिजन हादसे से बच गए हैं उन्होंने आग लगने के दौरान क्या-क्या देखा था। उनके बयान से जांच में महत्वपूर्ण बातों का खुलासा होने की संभावना है। शुक्रवार को बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे, बिजली विभाग ने गुरुवार को एक वीडियो जारी कर आग लगने की वजह ईवी कार से पोल में आग लगना बताया था और पोल से शॉर्ट सर्किट होने की बात को खारिज किया था। उल्लेखनीय है कि बुधवार अलसुबह ब्रजेश्वरी एनएक्स में रहने वाले कारोबारी मर्नाज पुंगलिया (65) के घर अग्निकांड हुआ। वहां शार्टसर्किट हुआ और आग भभक उठी। इसके बाद कार में लगी आग से ये दो मंजिला मकान चपेट में आ गया। घर के अंदर रखे गैस सिलेंडरों में धमाके होने लगे और आग ने भीषण रुप धारण कर लिया। फायर बिग्रेड और एसडीआरएफ की मदद से रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया गया। पहली मंजिल में फंसे सौरभ पिता मनोज (32), सुनिता पति मनोज (58), सोमिल पिता मनोज, हर्षित (बाबू) पिता मनोज को ग्रिल तोड़कर टीम ने बाहर निकाला। रेस्क्यू टीम ग्राउंड फ्लोर के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो मनोज पुंगलिया, सिमरन पति सोनू (सौरभ), विजय सेठिया, राशि पिता राजेश (12), सुमन पति विजय सेठिया, छोटू सेठिया, टीन पति राजेश और तनय पिता राजेश की मौत को चुकी थी। भीषण आग की चपेट में आने से ये जिंदा जल गए थे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, शनिवार 21 मार्च 2026

न्यूज ब्रीफ

## 27 मार्च को भगवान रामलला भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● राम नवमी के पावन पर्व पर पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम से निकलने वाली परंपरागत श्री राम रथ यात्रा का प्रथम निमंत्रण आयोजक पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री राम गोपाल दास महाराज ने साधु संतो की उपस्थिति में खजराना गणेश को अर्पित किया। रामनवमी के पावन पर्व पर 27 मार्च को संतों की तपोस्थली पंचकुईया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम से भव्य श्री राम रथ यात्रा निकलेगी जिसमें आकर्षक अयोध्या श्री राम मंदिर की प्रतिकृति और हनुमानजी की झांकियों के साथ रथ पर मंदिर के 501 वर्ष प्राचीन भगवान रामलला सवार होकर भक्तो को दर्शन देने और उनके हालचाल जानने निकलेंगे। भव्य राम रथ यात्रा रामनवमी पर शाम 4:00 बजे निकलेगी। यात्रा में अश्व ध्वज वाहक और सैकड़ों युवा भगवा ध्वज लेकर चलेंगे, यात्रा में आगे-आगे घोड़े बग्गी बैंड बाजे हाथी भी रहेंगे। यह यात्रा साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री लक्ष्मणदास जी महाराज की प्रेरणा से निकली जा रही है।

## धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'सबके राम' जैसे अनुष्ठान

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●सनातन धर्म हमारे देश में बहुत पहले से चला आ रहा है। आज पूरे विश्व में भारत जिस तेजी से उभरकर आ रहा है, उसके पीछे इस सनातन धर्म और हमारे ऋषि-मुनियों एवं देवी-देवताओं की शक्ति ही है। यहां इतनी सुंदर व्यवस्थाएं देखकर मन प्रसन्न हो रहा है। धर्म और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 'सबके राम' जैसे अनुष्ठान निरंतर और अलग-अलग क्षेत्रों में होना चाहिए। शहर के सनातनी लोगों को ऐसे दिव्य आयोजनों से जुड़कर पुण्य लाभ जरूर उठाना चाहिए। सांसद शंकर लालवानी ने शुक्रवार को दशहरा मैदान स्थित अवध लोक में चल रहे 'सबके राम' अनुष्ठान में पहुंचकर सबसे पहले यहां निर्मित वृन्दावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार की आरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। सदगुरु अण्णा महाराज ने भी 'सबके राम' अनुष्ठान को प्रासंगिक और नई पीढ़ी के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को चैतन्य और ऊर्जावान बनाते हैं।

## साईं भक्त प्रतिदिन क्षेत्र के सफाई मित्रों का सम्मान कर उपहार भेंट करेंगे

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● केन्द्रीय साईं सेवा समिति की मेजबानी में शहर के 200 से अधिक साईं मंदिरो से जुड़े भक्तों ने शुक्रवार को अनूठा संकल्प लिया है। समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक, प्रदीप यादव एवं समीर जोशी ने बताया कि 26 मार्च तक प्रतिदिन निकलने वाली साईं पालकी यात्रा एवं प्रभात फेरी के दौरान क्षेत्र के सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हें फल एवं अन्य उपहार भेंट किए जाएँगे। इसी तरह साईं भक्त प्रतिदिन सामाजिक सरोकार से जुड़े सेवा प्रकल्प करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का संकल्प भी लेंगे। इसका शुभारंभ आज सुबह विष्णुपुरी क्षेत्र में निकली प्रभात फेरी और बाबा की पालकी के पूजन के साथ किया गया, जब क्षेत्र के रहवासियों को साईं भक्तों ने मूक परिंदों को दाना-पानी रखने के लिए सकोरे भेंट किए। पूरे क्षेत्र में बाबा की पालकी और भक्तों का घर-घर जबरदस्त स्वागत किया गया। वाहे गुरु की अरदास और बोले सो निहाल के जयकारों के बीच आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के नजारों ने समूचे क्षेत्र को भक्तिभाव से भरपूर बनाए रखा। होस्टलों में रहने वाले छात्र-छात्राएं भी भजनों पर खूब नाचे। शनिवार से सफाई मित्रों के सम्मान की श्रृंखला प्रारंभ होगी।

# मप्र में लारेंस विश्नोई गैंग नाम से फिरौती मांगने के मामले आए सामने!

दैनिक इंदौर संकेत



**इंदौर** ●मध्यप्रदेश में लारेंस विश्नोई गैंग के नाम से खरगौन और इंदौर में करोडों रुपए की फिरौती मांगने और नहीं मिलने पर जान से मारने की धमकी देने के दो मामले सामने आने के बाद अब जांच एजेंसियां इसकी जांच कर रही हैं। क्या लारेंस विश्नोई गैंग के नाम से प्रदेश में नया नेटवर्क सक्रिय हो रहा है जो धमकी देकर फिरौती वसूलना चाहता है।

मांगी 15 करोड़ की फिरौती

साउथ तुकोगंज इलाके में रहने वाले रियल स्टेट कारोबारी संजय जैन को भी लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम से धमकी मिली है। उनसे 15 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई है। फिरौती नहीं मिलने पर हत्या की धमकी दी गई है। तुकोगंज पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है, क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर पुलिस टीम जांच में जुट गई है। एडीशनल डीसीपी, क्राइम राजेश दंडोतिया के मुताबिक तुकोगंज इलाके में रहने वाले संजय जैन को गुरूवार को धमकी भरा फोन आया था, जिसमें लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की गई थी। जैन ने फोन काट दिया। इसके बाद उनके मोबाइल पर एक वॉयस मैसेज आया। जिसमें मैसेज भेजने वाले ने खुद को लॉरेंस का साथी हेरी बाक्सर बताते हुए 15 करोड़ की फिरौती मांगी। जैन को कहा गया कि तुमने पहले फोन काट दिया था अब 10 नहीं 15 करोड़ रुपए देने पड़ेंगे नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। संजय जैन को पुलिस संरक्षण भी दिया गया है। पुलिस सूत्र बताते हैं कि इस तरह की कई धमकियां अन्य जिलों में भी भेजी गई है। सूत्र बताते हैं कि जांच एजेंसियां इस बात की पड़ताल में जुट गई हैं कि लारेंस विश्नोई गैंग के सदस्य मप्र में सक्रिय हो गए हैं या फिर पहले से ही इसका नेटवर्क था। कुछ अरसे पहले सिकलीगरों के हथियारों के साथ पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के कुख्यात कुख्य बदमाशों को पकड़ा गया था। जांच में पता चला था कि कुछ के तार लारेंस विश्नोई गैंग से जुड़े हैं। इन हालातों में अब सबसे बड़ी चिंता पैदा हो गई है कि क्या लारेंस विश्नोई गैंग अब मध्यप्रदेश में भी अपना आतंक का नेटवर्क फैला रहा है।

### खरगौन के भील गांव में फायरिंग, 10 करोड़ की फिरौती मांगी

खरगौन जिले में स्थित भीलगांव में किसान व वेयर हाउस मालिक दिलीप राठौड़ के घर पर 16 मार्च को फायरिंग हुई और उसके बाद इनसे लारेंस विश्नोई गैंग के नाम पर 10 करोड़ की फिरौती मांगी गई। पुलिस ने जांच की तो सीसीटीवी फुटेज में बाइक सवार नकाबपोश फायरिंग करते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने राठौड़ के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया है। इस घटना के बाद एंटी टेररिस्ट स्कवाड (एटीएस) भी सक्रिय हो गई है। घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैरी बॉक्सर और आरजू बिश्नोई ने ली है। दिलीप राठौड़ के बेटे सत्येंद्र राठौड़ ने पुलिस को सौंपे शिकायती पत्र में 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने और फिरौती नहीं देने पर घर को बम से उड़ाने की धमकी देने की बात लिखी है। सत्येंद्र ने बताया कि उनके पिता के नंबर पर वॉइस कॉल आया था, जिसमें परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। कहा गया कि सोमवार रात उनके घर मैंने गोली चलवाई है, घटना का वीडियो भी वाट्सएप किया। विदेश के नंबर से उन्हें और पिता को वॉइस कॉल किया गया, लेकिन दोनों ने वह काल नहीं लिया।

### अशोकनगर के व्यापारी से मांगी थी 10 करोड़ की फिरौती

फरवरी माह में हैरी बॉक्सर गैंग के माध्यम से वॉइस मैसेज से अशोकनगर के व्यापारी अंकित अग्रवाल से 10 करोड की फिरौती की मांग की गई थी। इसी गैंग के द्वारा व्यापारी को लगातार फोन आ रहे थे। जिसमें उनके द्वारा 10 करोड़ की फिरौती नहीं देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले की शिकायत 12 फरवर 2 फरवरी को कोतवाली में की गई थी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया था। इसके बाद से ही लगातार पुलिस व्यापारी को सुरक्षा दे रही थी और वॉइस कॉल ट्रेस करने का प्रयास कर रही थी। पुलिस ने आरोपी मनीष जागिड़ को गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद उससे पूछताछ की के बाद पुलिस ने भिंड और बीकानेर से 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हैरी बॉक्सर गैंग के अब तक 3 सदस्य गिरफ्तार हो चुके हैं।

# राजीव विकास कांग्रेस ने दी महिलाओं को जिम्मेदारी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया हैं कि मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र द्वारा आगामी नगर निगम चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए संगठन की कार्यकारिणी में महिलाओं को स्थान देते हुए घोषणा की गई है। इस कार्यकारिणी का गठन 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के आधार पर किया गया है, जिसमें संगठन ने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनुभवी एवं सक्रिय महिला नेत्रियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

घोषित प्रदेश कार्यकारिणी में पूर्व पार्षद 5 पूर्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सहित 20 महिलाओं को नई जुझारू और संगठन के प्रति समर्पित महिला नेताओं को स्थान दिया गया है। विशेष रूप से 5 पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्षों को शामिल कर संगठन ने उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ उठाने का प्रयास किया है। इसके साथ ही पूर्व पार्षदों को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे जमीनी स्तर पर संगठन की पकड़ और मजबूत होगी। नई कार्यकारिणी में संगठनात्मक संतुलन और कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए एक प्रदेश मुख्य प्रवक्ता,1 प्रदेश प्रवक्ता, 9 महामंत्री, 9 उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। यह टीम आगामी चुनावों में संगठन की रणनीति को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने में अहम भूमिका निभाएगी।


## मुख्यमंत्री के प्रथम आगमन पर इस्कॉन से जुड़े भक्तों ने किया आत्मीय स्वागत



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● निपान्या स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) मंदिर परिसर से लगे तालाब एवं आसपास के क्षेत्र को श्रीकृष्ण लोक के रूप में विकसित करने, इस्कॉन मंदिर से एडवांस एकेडमी तक के मार्ग को इस्कॉन के संस्थापक भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद के नाम पर करने एवं गौशाला के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग के साथ राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंदिर आगमन पर मंदिर से जुड़े भक्तों एवं संतों ने इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास के सानिध्य में आत्मीय सम्मान किया। इस्कॉन गुरुकुल के वेदपाठी बटुकों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच डॉ. यादव को शॉल, श्रीफल एवं भगवान राधा गोविन्द की तस्वीर भी भेंट की गई। इस्कॉन से जुड़े हरि अग्रवाल, शैलेन्द्र मित्तल एवं अशोक गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रथम मंदिर आगमन के उपलक्ष्य में मंदिर से जुड़े भक्तों ने उनका गरिमापूर्ण अभिनन्दन किया। सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, श्रीमती मालिनी गौड़, मधु वर्मा एवं भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पार्षद सुरेश कुरवाड़े, आनंद गोयल, किशोर गोयल, लक्ष्मणदास, गिरधर गोपालदास, प्राणेश्वर प्रभु, अद्विधरणदास, महाकालेश्वर प्रभु, रणवीर प्रभु आदि ने मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस्कॉन इंदौर अध्यक्ष स्वामी महामनदास ने इस अवसर पर विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गौशाला के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध कराने एवं मंदिर परिसर के आसपास पर्यटन क्षेत्र एवं महाकाल लोक की तर्ज पर श्रीकृष्ण लोक का निर्माण कराने इस्कॉन मंदिर तक के मार्ग का नामकरण भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद मार्ग करने की मांग भी प्रस्तुत की और उन्हें ज्ञापन भी भेंट किया।

## संघ की प्रार्थना के गायन एवं अनुवाद का वीडियो एल्बम रिलीज़



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मानव सेवा प्रकल्प 'संजय स्पंदन 'द्वारा संघ की प्रार्थना और उसके हिंदी अनुवाद का वीडियो तैयार किया गया। संजय स्पंदन के सह संस्थापक प्रोफेसर राजीव शर्मा ने बताया कि आज हिंदू नव वर्ष एवं संघ संस्थापक श्री हेडगेवार जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री लक्ष्मणजी नवाथे के करकमलों से इस वीडियो एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। संघ की संस्कृत प्रार्थना का गायन वरिष्ठ शिक्षाविद प्राचार्य डॉ लिली डावर द्वारा एवं उसका हिंदी में भावार्थ प्रो.राजीव शर्मा कवि द्वारा किया गया। आर.एस.एस के इंदौर विभाग संघ चालक डॉ मुकेश मोढ ने वीडियो के संदर्भ में शुभकामनायें देते हुए कहा कि ,प्रो.राजीव शर्मा एवं डॉ लिली डावर ने संघ की प्रार्थना इतने भावपूर्ण ढंग से गाई है कि इसे सुनकर हम सभी स्वयं सेवकों को गर्व हो रहा है,उन्होंने कहा कि इन दोनों ने इतना अच्छा कार्य स्वप्रेरणा से किया है,मै बहुत बहुत बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि इसके माध्यम से संघ की प्रार्थना को जन जन तक पहुंचने और समझने में आसानी होगी।

## जनजातीय नृत्य और संगीत पर केंद्रित 'आदिरंग' महोत्सव का हुआ शुभारंभ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ●जनजातीय नृत्य, संगीत एवं शिल्प कलाओं पर केंद्रित 3 दिवसीय 'आदिरंग' महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुक्रवार शाम को छनेरा के स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर, नगर परिषद छनेरा के अध्यक्ष श्री मुकेश वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत, हरसूद श्रीमती ममता सतीश सावनेर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद थे।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए मंत्री डॉक्टर विजय शाह ने कहा कि 'आदिरंग महोत्सव' का आयोजन सामान्यतः भोपाल, इंदौर, जबलपुर जैसे महानगरों में होता है। खंडवा जिले के छोटे से कस्बे छनेरा में इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन की स्वीकृति के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोककला, संस्कृति तथा आदिवासियों के गौरवशाली इतिहास के बारे में नागरिकों को जानकारी देने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री शाह ने उपस्थित नागरिकों को नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष श्री तोमर ने इस राज्य स्तरीय आयोजन के लिए क्षेत्र के नागरिकों को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ छनेरा के अरिहंत पब्लिक स्कूल की छात्रा तनीषा राजोरिया के एकल नृत्य से हुआ।

## लोकतंत्र विजय दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन, गिरीश शर्मा आमंत्रित

**इंदौर** ● लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा 21 मार्च को लोकतंत्र विजय दिवस मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में दिल्ली में जंतर-मंतर स्थित एनडीएमसी कनवेंशन सेंटर पर राष्ट्रीय सम्मलेन आयोजित होगा जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एवं आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## अग्रवाल महासंघ की महिलाओं और युवतियों ने धूमधाम से मनाया गणगौर महोत्सव

दैनिक इंदौर संकेत



**इंदौर** ● विजय नगर अग्रवाल महासंघ द्वारा परंपरागत गणगौर उत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें समाज की महिलाओं, युवतियों एवं हर उम्र के परिजनों ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर राजस्थानी और मारवाड़ी संस्कृति की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। रंगारंग बाना भी निकाला गया और विभिन्न स्पर्धाएं भी धूमधाम से आयोजित की गई। महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं महामंत्री नीरज गोयल, नितेश बंसल, शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर श्रीमती मोहिनी दीपचंद अग्रवाल एवं श्रीमती मुग्धा गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं श्रीमती सीता जगदीश बाबाश्री युवतियों और छोटे बच्चों ने इसर-गणगौर का स्वरुप धारण कर अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। श्रीमती ज्योति नितेश बंसल एवं श्रीमती शीतल संदीप गर्ग की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद गोयल, सत्येन्द्र जोशी, हरि अग्रवाल, श्याम गर्ग, संजय हाईवे, महेश अग्रवाल, पार्षद मृदुल अग्रवाल, प्रह्लाद अग्रवाल दादा, निगम सभापति मुन्नालाल यादव, प्रमोद बिंदल, अरुण आष्टावाले सहित अनेक गणमान्य बंधुओं ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### दागी नेताओं पर निर्भर राजनीति, अपराध और सत्ता के गठजोड़ से कमजोर होता लोकतंत्र

चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एडीआर की नई रपट ने एक बार फिर इस चिंता को रेखांकित किया है। भारतीय राजनीति में सभी दल साफ-सुथरी राजनीति के पक्षधर तो हैं, लेकिन विचित्र बात है कि चुनावों के दौरान उन्हें आपराधिक पृष्ठभूमि के किसी नेता पर भरोसा करने में कोई हिचक नहीं होती। नतीजा यह होता है कि दागी नेता विधानसभाओं से लेकर संसद तक पहुंच जाते हैं। बीते कई दशकों में राजनीति का जिस तरह अपराधीकरण हुआ है, उससे लोकतंत्र के उद्देश्यों और लक्ष्यों को गहरी क्षति पहुंची है। चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एडीआर की नई रपट ने एक बार फिर इस चिंता को रेखांकित किया है। इसके मुताबिक, राज्यसभा के बत्तीस फीसद मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। दूसरी ओर, केरल में हलफनामों की समीक्षा के बाद पाया गया कि बानवे विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। गौरतलब है कि हर साल एडीआर की रपट आती है और सभी तरफ इस पर चिंता भी जताई जाती है। मगर ऐसा लगता है कि न तो इसे राजनीतिक दल कभी इसे गंभीरता से लेते हैं और ही चुनाव आयोग कोई ठोस पहल करता है। नतीजा यह कि हर बार दागी पृष्ठभूमि के लोगों को टिकट दे दिया जाता है और उनके नामांकन पर आयोग की मुहर भी लग जाती है। यह निराशाजनक है कि राजनीतिक दल अपने सिद्धांतों को दरकिनार कर आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को उन संवैधानिक संस्थाओं की विधायी प्रक्रिया का हिस्सा बना देते हैं, जहां न केवल देश के अहम फैसले होते हैं, बल्कि कानून भी बनाए जाते हैं। सवाल है कि अपराध और राजनीति के बीच यह स्याह गठजोड़ क्यों और कैसे फल-फूल रहा है। यह सही है कि दागी नेताओं के मामलों की सुनवाई के लिए विशेष त्वरित अदालतें बनाई गई हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में फैसला वर्षों बाद आता है और ये नेता अपने पदों पर काबिज रहते हैं। कई बार तो पुलिस और प्रशासन की सांठगांठ की वजह से समय पर जांच पूरी नहीं हो पाती। वहीं राजनीतिक दल उम्मीदवारों का आपराधिक ब्योरा सार्वजनिक नहीं करते। कायदे से आपराधिक मामला दर्ज होने पर दागी नेताओं को चुनाव लड़ने से ही रोक दिया जाए, तो स्वच्छ राजनीति के लिए जमीन तैयार करने की दिशा में यह बड़ा कदम होगा।

# शर्मनाक है ज्योतिषी अशोक खरात की हरकत



महाराष्ट्र के नासिक से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। यह खबर सिर्फ एक क्राइम की नहीं है बल्कि भरोसे के साथ हुए सबसे खतरनाक धोखे की है। एक ऐसा शख्स, जिसे लोग 'गुरु' मानते थे। जिसके पास अपनी समस्याओं का हल ढूंढने लोग दूर-दूर से आते थे। वही शख्स अपने फार्महाउस और दफ्तर को एक खौफनाक जाल में बदल चुका था। बेडरूम में हिडन कैमरे। महिलाओं को बुलाने के लिए झूठे वादे और फिर उन्हें सम्मोहन और डर के जरिए फंसाना। 58 महिलाओं के साथ जुड़े वीडियो सामने आने के बाद इस पूरे नेटवर्क का काला सच अब उजागर हो चुका है।

एक रिपोर्ट के अनुसार यह मामला इसलिए और भी चौंकाने वाला है क्योंकि आरोपी ने अपने प्रभाव और छवि का इस्तेमाल हथियार की तरह किया। खुद को 'कैप्टन' कहने वाला यह शख्स लोगों के मन में डर और आस्था दोनों पैदा करता था। महिलाओं को विश्वास दिलाया जाता था कि उनकी जिंदगी की समस्याएं खत्म हो जाएंगी। लेकिन असल में वह उन्हें एक ऐसे जाल में फंसा रहा था, जहां से निकलना मुश्किल था। सम्मोहन, नशीला पदार्थ और ब्लैकमेल इन तीन हथियारों के सहारे उसने अपना काला साम्राज्य खड़ा कर लिया। अशोक खरात नासिक के सिन्नर तालुका के मिरगांव स्थित श्री ईशान्येश्वर मंदिर ट्रस्ट का चेयरमैन भी बताया जाता है। इस पद के चलते उसकी स्थानीय स्तर पर अच्छी पकड़ थी और लोगों के बीच उसकी छवि एक 'आध्यात्मिक मार्गदर्शक' की बन गई थी। यही वजह थी कि आम लोगों से लेकर प्रभावशाली व्यक्तियों तक, कई लोग उससे जुड़ते गए। यह पहला मौका नहीं है जब अशोक खरात विवादों में आया हो। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के कार्यकर्ता पहले से ही उसके खिलाफ मोर्चा खोल चुके थे। जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उसके यहां पहुंचे थे, तब भी इस मुलाकात को लेकर काफी विवाद हुआ था। अंधविश्वास के खिलाफ काम करने वाले संगठनों ने इस पर सवाल उठाए थे और ऐसे 'बाबाओं' को बढ़ावा देने पर आपत्ति जताई थी।

इस हाई प्रोफाइल बाबा की गिरफ्तारी ने महाराष्ट्र में सियासी हलचल बढ़ा दी है। पुलिस FIR के मुताबिक, आरोपी अशोक खरात जो खुद को 'कैप्टन' कहता था, मर्चेंट नेवी का पूर्व अधिकारी बताया जाता है। उसने समाज में एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी और 'दैवी शक्तियों' के जानकार के रूप में अपनी पहचान बनाई थी और अपने प्रभाव का एक अनोखा रहस्यलोक बनाया था। पीड़िता का आरोप है कि पूजा-पाठ करने के बहाने, 67 साल के इस ज्योतिषी ने उसे नशीला पदार्थ खिलाया, उसे सम्मोहित किया और उसके विश्वास का गलत फायदा उठाकर उसका यौन शोषण किया। आरोपी ज्योतिष नासिक के पॉश इलाके कनाडा कॉर्नर में अपना ऑफिस चलाता था और साथ ही सिन्नर के मिरगांव में मंदिर और एक आलीशान फार्महाउस का मालिक था। पुलिस के अनुसार, खरात पर आरोप है कि उसने महिलाओं को उनकी निजी समस्याओं के समाधान का झांसा दिया और 'पूजा-पाठ' करने के नाम पर उसे नशीला पदार्थ दिया और उन्हें सम्मोहित (हिप्नोटाइज) कर उनके साथ दुष्कर्म किया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह मामला सिर्फ एक पीड़िता तक सीमित नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बाबा के फार्म हाउस से 58 महिलाओं के संदिग्ध वीडियो मिले हैं। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने अपने ऑफिस और फार्म हाउस में गुप्त कैमरे लगा रखे थे। पुलिस को छानबीन में एक पेन ड्राइव भी मिली है, इसमें 58 अलग-अलग महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो क्लिप्स होने की बात सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, वह महिलाओं को डराने के लिए तंत्र-मंत्र और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देता था।

राज्य सरकार ने इस मामले की जांच के लिए IPS अधिकारी तेजस्विनी सतपुते की अगुवाई में एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया है। नासिक क्राइम ब्रांच यूनिट 1 आरोपी से बरामद किए गए आपत्तिजनक वीडियो और दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नासिक में 'ओकस प्रॉपर्टी डीलर्स एंड डेवलपर्स' नाम से एक दफ्तर चलाता था। हालांकि, आरोप है कि वहां रियल एस्टेट का नहीं, बल्कि अपराध का धंधा चलता था। बताया जाता है कि आरोपी का नासिक के पॉश इलाके में रियल एस्टेट ऑफिस होने के साथ-साथ मीरगांव में ईशान्येश्वर नाम का एक आलीशान आश्रम और मंदिर भी है। सूत्रों के अनुसार, यहां बड़े-बड़े रसूखदार लोग दर्शन के लिए आते थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि इस नेटवर्क के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं और यह काला कारोबार कब से चल रहा था।

ऐसी चर्चा है कि उसके राजनीतिक संबंध दिल्ली से लेकर महाराष्ट्र की सत्ता के गलियारों तक फैले हुए हैं। मीरगांव में उसका 'ईशान्येश्वर मंदिर' और एक आलीशान आश्रम है, जहां अक्सर जाने-माने और प्रभावशाली लोग दर्शन करने आते थे। नासिक के सिन्नर में स्थित श्री ईशान्येश्वर मंदिर ट्रस्ट के चेयरमैन के तौर पर, खरात को जाने-माने राजनेताओं, मशहूर हस्तियों और बड़े कारोबारियों के आध्यात्मिक गुरु के रूप में व्यापक पहचान मिली थी। आरोपी की गिरफ्तारी भी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। पुलिस ने गोपनीय ऑपरेशन के तहत रात में उसके फार्महाउस के बाहर 'चोर-चोर' चिल्लाकर अफरा-तफरी मचाई और इसी बहाने घर में प्रवेश किया और सीधे बेडरूम से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने खरात के ठिकाने से पिस्तौल, जिंदा कारतूस और कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि कई राजनेता, सेलिब्रिटी और कारोबारी उसके संपर्क में थे जो उसके मंदिर और फार्महाउस पर आते जाते थे। इसी कारण यह मामला अब राजनीतिक विवाद का रूप भी ले चुका है।

इस मामले ने अब एक राजनीतिक तूफान भी खड़ा कर दिया है क्योंकि कई राजनेता और जानी-मानी हस्तियां पहले भी इस ज्योतिषी से मिलने आ चुकी थीं। शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे ने कहा, 'क्या उन लोगों के पैर पूजे जाने चाहिए जो महिलाओं का शोषण करते हैं? हम मांग करते हैं कि उपमुख्यमंत्री इस आचरण का संज्ञान लें।' बहरहाल, नासिक का यह मामला सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज में अंधविश्वास और भरोसे के दुरुपयोग का खतरनाक उदाहरण के तौर पर पेश किया जा रहा है। नवंबर 2022 में, जब पीड़िता अनुष्ठान पर चर्चा करने के लिए नासिक में कनाडा कॉर्नर में नकली बाबा संदिग्ध अशोक खरात के कार्यालय में अकेली गई थी, तो बाबा ने इस अवसर का लाभ उठाकर उसे कार्यालय के कक्ष में बुलाया, उसे प्रसाद के रूप में पेड़ा दिया और फिर उसे तांबे के बर्तन से पानी दिया। तब प्रभु का क्रोध तुम पर होगा और तुम्हारा मंगेतर मर जाएगा, मैं तुम्हें एक तरह से पवित्र कर रहा हूँ।।शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे डरा-धमकाकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

बताया जाता है कि पीड़िता को 2019 में कनाडा कॉर्नर स्थित उनके ऑफिस में अशोक खरात से मिलवाया गया था। उस समय उनके दादा भी उनके साथ थे। 'मेरे पास दैवीय शक्ति है, और उस शक्ति की शक्ति से मैं आपके जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करूंगा, आपकी शादी एक धनी परिवार में होगी, आपका करियर होगा, आपको मेरे पास आना होगा और कुछ अनुष्ठान करने होंगे।' उसने उसका विश्वास अर्जित किया था।फिर 2021 में पीड़िता की सगाई गांव में हुई। बाद में जब वह टूट गया तो खरात बाबा ने फिर से 50,000 रुपये नकद लेकर 'पुष्करराज' का पत्थर दिया।'यह पत्थर 'सिद्ध' हो गया है और इसे फिर से अपने गले में पहनना शुरू करो, तुम धन्य हो जाओगे।।।2022 में उसने दूसरी शादी की और पीड़िता की सगाई हो गई और शादी का रस्म हो गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि शादी की खबर खरात को बताई गई, जिसके बाद दंपति ने पीड़िता को आशीर्वाद लेने के लिए कार्यालय बुलाया और फिर से उसी तरह से प्रताड़ित किया।

यह मामला सिर्फ एक अपराध की कहानी नहीं है, बल्कि समाज के उस हिस्से को भी उजागर करता है जहां लोग बिना जांचे-परखे किसी पर भी भरोसा कर लेते हैं। फिलहाल अशोक खरात पुलिस हिरासत में है और उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस केस में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, जब्त किए गए वीडियो और डिजिटल सबूतों की फॉरेंसिक जांच भी अहम भूमिका निभाएगी। इससे यह साफ हो सकेगा कि मामला कितना बड़ा है और इसमें और कौन-कौन शामिल हो सकते हैं।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### गणगौर का पर्व नए रूप में नजर आने लगा व पोशाकों से बढ़ गई उत्सव की रौनक

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • परंपरा और आधुनिकता के संगम के बीच गणगौर का पर्व नए रूप में नजर आने लगा है। समय के साथ आस्था के इस महापर्व में तकनीक व आधुनिक सुविधाओं का प्रभाव देखा जा रहा है। पहले माता का श्रृंगार पूरी तरह प्राकृतिक वस्तुओं जैसे कच्चे आम व धानी की माला, हार- कंकण के हार, बिंदी, नथ आदि सामग्री से होता था। अब इनकी जगह चमकते मोती की माला, मांग टीका, झुमके आदि ने ले ली है। इसके साथ ही परंपरागत रूप से पहनाई जाने वाली साड़ी व पारंपरिक पोशाक के बजाय फैंसी रेडिमेड ड्रेस का क्रेज बढ़ गया है। इससे माता के रथ आकर्षक होने के साथ त्योहार की रौनक भी बढ़ी है। पर्व के दौरान बच्चे बांस से तीर- कमान बनाकर चलाते थे। यह भी कहीं-कहीं ही नजर आते हैं। रेडिमेड रथ का शुरू हुआ चलन भारी भरकम लकड़ी के पुराने रथों की जगह अब हल्के व आकर्षक रेडिमेड रथों ने ले ली है। पूजन सामग्री विक्रेता आशीष कानूनगो व दीपेश कानूनगो ने बताया श्रद्धालुओं की मांग पर इस बार माता के रेडिमेड रथ तैयार करवाए हैं। इसमें परंपरा का पूरा ध्यान रखा गया है। आम की लकड़ी से इन्हें तैयार करवाया है। इसमें पीतल की जगह पीओपी के मुखौटे लगे हैं। राजस्थानी व गुजराती पैटर्न पर श्रृंगारित रथों की गणगौर पर्व के पहले से बुकिंग शुरू हो गई। ग्राम मांगरूल की अनिता दिनेश कुशवाह ने बताया माता की बाड़ी खुलने से पहले लकड़ी के रथ को स्नान करवाते थे। सुंदर सी साड़ी पहनाने के साथ नथ, हार आदि पहनाते थे। इस साल ग्राम ठनगांव से रेडिमेड रथ बुलवाए हैं। आधुनिकता का असर गीतों पर भी दिख रहा है। पारंपरिक लोकगीतों के साथ अब नए एलबम



की धुनों से माता की आराधना की जा रही है। माता की बाड़ी में महिलाएं पारंपरिक झालरिया गीत गा रही, वहीं गली-मोहल्लों में एलबम की धुनें चल रही है। युवा इन भजनों को सोशल मीडिया पर रील व वीडियो के जरिए साझा भी कर रहे हैं।

### नेपा मिल का 6 माह से बंद प्लांट चालू, कर्मचारियों ने खुद ठीक किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** •नेपानगर में एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड का नावथा ट्रीटमेंट प्लांट छह माह से बंद था। कर्मचारियों ने अपनी सूझबूझ और मेहनत से इसे फिर से चालू कर दिया है, जिससे नगर को संभावित पेयजल संकट से बचाया जा सका और लाखों रुपए का खर्च भी टल गया। यह प्लांट दशकों से नेपानगर शहर में जल वितरण करता है, लेकिन तकनीकी खामियों के कारण लगभग छह माह से निष्क्रिय था। निजी कंपनी से मरम्मत के लिए संपर्क करने पर उन्होंने केवल विजिट का खर्च करीब 20 हजार रुपए बताया था, जबकि पूरी मरम्मत पर 4 से 4.5 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान था। नेपा लिमिटेड के नवागत सीएमडी नरेश सिंह ने कर्मचारियों से चर्चा की और उन्हें स्वयं प्लांट ठीक करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कर्मचारियों ने लगभग एक महीने तक कड़ी मेहनत की। उन्होंने मिल में ही आवश्यक कलपुर्जे तैयार किए और अपने अनुभव का उपयोग करते हुए ट्रीटमेंट प्लांट को सफलतापूर्वक दोबारा चालू कर दिया। इस पहल से न केवल नगर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है, बल्कि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन भी किया है।

### पुलिस को मिली आधुनिक सुविधा और नए वाहन, एसपी ने सभा कक्ष का उद्घाटन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • पुलिस अधीक्षक (एसपी) देवेंद्र पाटीदार ने गुरुवार को एसपी कार्यालय परिसर में एक आधुनिक सभा कक्ष का उद्घाटन किया। इसी अवसर पर जिले को दो नए बोलेरो वाहन भी आवंटित किए गए, जिनसे पुलिस की आपातकालीन प्रतिक्रिया और क्षेत्रीय निगरानी क्षमता में वृद्धि होगी। एसपी पाटीदार ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सभा कक्ष का शुभारंभ किया। यह नया सभा कक्ष आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिसमें ऑनलाइन मीटिंग के लिए प्रोजेक्टर सहित अन्य तकनीकी संसाधन उपलब्ध हैं। इस सुविधा से जिले के सभी थानों और शाखाओं के साथ वर्चुअल बैठकें आयोजित करना आसान होगा, जिससे समय की बचत होगी और कार्यों की त्वरित समीक्षा संभव हो सकेगी। विभागीय बैठकों, अपराध समीक्षा और कानून-व्यवस्था संबंधी मीटिंग अब इसी कक्ष में आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान आवंटित किए गए दोनों नए बोलेरो वाहनों की भी एसपी ने पूजा-अर्चना की। इन



वाहनों से पुलिस की गश्त, आपातकालीन प्रतिक्रिया और क्षेत्रीय निगरानी में सुधार होगा। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को इन वाहनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंतर सिंह कनेश, सीएसपी गौरव पाटिल, रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित सहित कोतवाली, शिकारपुरा, लालबाग, गणपति नाका और यातायात के थाना प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### ईद पर घर गया परिवार, जलकर खाक हुई दुकान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • नवचंडी मेले में एक प्लास्टिक दुकान में आग लग गई। आग से दुकान में रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। आग लगने की वजह दुकान के पीछे कचरा जलाना बताई जा रही है। कचरे में लगाई आग ने प्लास्टिक दुकान को चपेट में ले लिया। इधर, आयोजनकर्ता नगर निगम और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। घटना सुबह 9 बजे की बताई जा रही हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि सुबह का समय होने से मेला बंद था। न कोई आवाजाही थी और न ही दुकान के भीतर कोई शख्स मौजूद था। दुकान के संचालक अरमान



खान और उनका परिवार भी ईद के लिए घर गया हुआ था। घटना से अरमान और उनका परिवार पूरी तरह टूट चुका हैं। परिवार का कहना है कि आग से दुकान में रखा 4 लाख रुपए का सामान जल गया है। रामेश्वर पुलिस चौकी प्रभारी सुभाष नावड़े ने बताया कि, आग की चपेट में एक ही दुकान आई है। लोगों की सूझबूझ और मदद से उसे समय पर बुझा लिया गया। दुकान में प्लास्टिक आइटम्स और कटलरी सामान था। बच्चों के चश्मे, स्टील के किचन वाले छोटे आइटम्स व अन्य सामान था, यह सेल लगाकर बेचा जाता था। व्यापारियों का कहना है कि, मेला परिसर में कोई सुरक्षा के संसाधन नहीं हैं। मेला परिसर में फायर ब्रिगेड भी मौजूद नहीं थी। आग लगने के बाद सूचना देकर उसे बुलाया गया। इधर, नवचंडी मंदिर के महंत बाबा गंगाराम ने कहा कि, यह देवी का प्रकोप है। आयोजक और नगर निगम की लापरवाही है। बताते है कि, नगर निगम से ठेका लेने वाले ठेकेदार ने मेले को पेटी कांट्रेक्ट पर दिया था।

### हादसों के बाद भी खानापूर्ति, ट्रैफिक डायवर्ट किए बिना बनाए स्पीड ब्रेकर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** • बढ़ते सड़क हादसों के बीच जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुधार के बड़े दावे किए गए थे, लेकिन जमीनी हकीकत ठीक उलट नजर आ रही है। शहर के खंडवा-वड़ोदरा हाईवे पर स्पीड ब्रेकर निर्माण में गंभीर लापरवाही सामने आई है। गुरुवार को भारी ट्रैफिक के बीच दिन में ही स्पीड ब्रेकर बनाए गए। मटेरियल सेट होने से पहले ही वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई, जिससे बनते ही स्पीड ब्रेकर उखड़कर बिखर गए। निर्माण में न तो तकनीकी निगरानी रही और न ही मानकों का पालन किया गया।



मजदूरों से काम कराकर जिम्मेदारों ने खानापूर्ति कर दी। जिले में सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। वर्ष 2026 के शुरुआती दो माह में ही 196 हादसों में 201 लोग घायल हुए, जबकि 81 की मौत हो चुकी है। पिछले एक साल में हादसों में 15-20% तक वृद्धि दर्ज हुई है। औसतन हर महीने 20 से 25 दुर्घटनाएं हो रही हैं। इनमें करीब 30% हादसे ओवर स्पीड और गलत स्पीड ब्रेकर/साइनेंज के कारण होते हैं। इसके बावजूद मौके पर बिना मानक और तकनीकी जांच के निर्माण जारी है।

### कांग्रेस के 13 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सवर्ण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • कांग्रेस कमेटी ने खंडवा कांग्रेस के 13 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जिलेभर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि, अधिकांश ब्लॉक अध्यक्ष ओबीसी वर्ग से आते हैं। इसके पीछे की वजह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मंशा और दोनों ग्रामीण और शहर जिलाध्यक्ष का सवर्ण होना हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तमपालसिंह पुरनी के अनुसार, मांधाता विधानसभा क्षेत्र में पुनासा से दिनेश पंवार (ओबीसी), किल्लौद से गिरवरसिंह (सामान्य), ओंकारेश्वर उपब्लॉक से नादानसिंह सोलंकी (एसटी) को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया हैं। हरसूद विधानसभा क्षेत्र में हरसूद से रघुवीरसिंह चौहान (सामान्य), खालवा से बसंत पंवार (ओबीसी), सुंदरदेव गुलाई उपब्लॉक से चंपालाल पटेल (एसटी) और रोशनी उपब्लॉक से सरोज बघेल (एसटी) को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसी तरह खंडवा विधानसभा क्षेत्र में खंडवा ग्रामीण से पवन पाटीदार (ओबीसी), दक्षिण खंडवा शहर से विशाल जैन (अल्पसंख्यक) और उत्तर खंडवा शहर से इमरान गौरी (अल्पसंख्यक) को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, पंधाना विधानसभा क्षेत्र में पंधाना से संजीव पटेल (ओबीसी), छैगांवमाखन से जय पटेल (ओबीसी), सिंगोट उपब्लॉक से केदार पाटीदार (ओबीसी) को जिम्मेदारी दी गई हैं।

# आईपीएल से सिलेक्ट होगी वनडे वर्ल्ड कप 2027 की टीम



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • 28 मार्च से शुरू हो रहा आईपीएल भारतीय खिलाड़ियों के लिए खास रहने वाला है। टी-20 फॉर्मेट में खेली जानी वाली इस लीग से टीम इंडिया की वनडे वनडे वर्ल्ड कप 2027 की टीम तय होगी। बीसीसीआई के सूत्र के हवाले से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमेटी ने 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है, जिनके प्रदर्शन पर इस आईपीएल के दौरान खास नजर रखी जाएगी। अजित अगरकर की अगवाई वाली समिति का फोकस इन खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर रहेगा। इतना ही नहीं, पंजाब मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले टेस्ट मैच में भी टीम इंडिया अपनी फुल-स्ट्रेंथ के साथ उतरेगा। सारे सीनियर खिलाड़ी इसमें खेलेंगे। बीसीसीआई ने सिलेक्टर्स को मैच देखने की जिम्मेदारी बांट दी गई है। हर चयनकर्ता हफ्ते में कम से कम एक आईपीएल मैच स्टेडियम में जाकर देखेगा, ताकि हर सप्ताह शॉर्टलिस्ट प्लेयर्स की पांच मैचों की ग्राउंड रिपोर्ट तैयार हो सके। इसके अलावा बाकी मैचों को टीवी के जरिए ट्रैक किया जाएगा। इस बार चयनकर्ता नए उभरते खिलाड़ियों के बजाय पहले से तय वनडे कोर ग्रुप के प्लेयर्स पर ही ध्यान देंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में भारत अपनी फुल-स्ट्रेंथ टीम उतारेगा। अगस्त से मार्च के बीच भारत को नौ टेस्ट खेलने हैं, ऐसे में सभी रेड-बॉल खिलाड़ी इस मुकाबले में उपलब्ध रहेंगे। यह भी तय माना जा रहा है कि बुमराह और सिराज, अगर आईपीएल के दौरान फिट रहते हैं, तो अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट स्क्वॉड का हिस्सा होंगे। चयनकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर मुंबई में रहेंगे, जबकि एसएस दास कोलकाता से मैच देखेंगे। वहीं आरपी सिंह और अजय रात्रा एनसीआर क्षेत्र में मौजूद रहेंगे, जबकि प्रज्ञान ओझा बंगलुरु और हैदराबाद में मुकाबलों पर नजर रखेंगे।

# यशस्वी सहित तीन क्रिकेटरों पर रहेगी रॉयल्स की जिम्मेदारी




**मुंबई (एजेंसी)** •आईपीएल में इस बार नये कप्तान रियान पराग के साथ उतर रही। राजस्थान रॉयल्स का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। रॉयल्स के पास उभरते क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और शिमोन हैटमायर हैं हालांकि उसे इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज संजू सैमसन की कमी खेलेगी। टीम का उम्मीद रहेगी की उसके युवा खिलाड़ जबरदस्मत प्रदर्शन कर उसे जीत दिलायें। पिछले कुछ सत्र में टीम ने युवाओं को अधिक से अधिक अवसर दिये हैं। जिस प्रकार से वैभव, यशस्वी और पराग सहित युवा खेल रहे हैं उससे रॉयल्स का सामना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। ये खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम की सफलता काफी हद तक इनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। राजस्थान रॉयल्स की सबसे बड़ी ताकत उनकी संतुलित बल्लेबाज़ी है। टीम में शीर्ष क्रम से लेकर मध्य क्रम तक ऐसे खिलाड़ी हैं जो बड़े शॉट्स खेलने के साथ-साथ पारी को संभालने में कुशल हैं। टीम में देशी ओर विदेशी खिलाड़ियों का मिश्रण इसे ओर भी अधिक घातक बनाता है। टीम किसी भी प्रकार के हालातों में निडर होकर खेलने तैयार है। इसके बाद भी इन तीन खिलाड़ियों को निभानी होगी अहम भूमिका। यशस्वी जायसवाल इस सीज़न में टीक के सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ साबित हो सकते हैं। बाएं हाथ के इस युवा ओपनर ने पिछले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 पारियों में 559 रन बनाए थे। उनका स्ट्राइक रेट 159.71 रहा, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी को दिखाता है। वह बड़ी पारी खेलने में माहिर होने के साथ ही एंकर की भूमिका भी निभाते हैं। सैमसन के टीम से जाने के बाद अब बल्लेबाज़ी की ज़िम्मेदारी काफी हद तक उनके पास रहेगी। ऐसे में टीम को अच्छी शुरुआत देने की जिम्मेदार उनपर रहेगी। 14 साल के युवा बल्लेबाज़ वैभव सूर्यवंशी रॉयल्स के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं। पिछले सत्र में उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाकर सबको प्रभावित किया था।उन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाकर इतिहास रच दिया था और टीम20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। इस दूसरे सत्र में भी उनका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा। वैभव का कहना है कि उनकी नजरे क्रिस गेल के 175 रनों का रिकार्ड तोड़ना है।

# नया कदम रखने जा रही सई मांजरेकर, मौजूदा वक्त से पूरी तरह अलग



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री सई एम. मांजरेकर प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं। सई एम. मांजरेकर जल्द ही एक ऐसी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं, जो आज के समय से बिल्कुल अलग है। वह एक प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं।यह प्रोजेक्ट उनके लिए एक बड़ा बदलाव है। सई का कहना है कि इस फिल्म की तैयारी काफी गहन, चुनौतीपूर्ण और उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव रही है। फिल्म के बारे में बात करते हुए सई ने बताया कि इस किरदार ने उन्हें एक्टिंग को एक अलग नज़रिए से समझने के लिए प्रेरित किया है। उस दौर के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को समझने से लेकर अपनी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और हाव-भाव बदलने तक, उन्होंने इस किरदार के लिए काफी रिसर्च और मेहनत की है ताकि वह उस समय को सही तरीके से पर्दे पर दिखा सकें। अपने अनुभव के बारे में सई ने कहा कि यह प्रोजेक्ट मेरे लिए अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक यात्राओं में से एक रहा है।

# अक्षय कुमार ने की 'मुंबई क्लीन लीग' शुरू करने की घोषणा



**मुंबई (एजेंसी)** •अभिनेता अक्षय कुमार ने मुंबई को साफ और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। अक्षय कुमार ने 'मुंबई क्लीन लीग' नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस मुहिम से जोड़ना है। अक्षय कुमार ने बताया कि इस लीग का विचार उन्हें खेल जगत की लोकप्रिय प्रतियोगिता इंडियन प्रीमियर लीग को देखकर आया। उन्होंने कहा कि इस लीग में खेल और मनोरंजन से जुड़े तत्वों को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि लोग स्वच्छता के अभियान में उत्साह के साथ भाग लें। उनके अनुसार, यदि स्वच्छता को प्रतियोगिता और मनोरंजन के रूप में प्रस्तुत किया जाए तो अधिक से अधिक लोग इसमें रुचि दिखाएंगे। अक्षय कुमार ने बताया कि उन्होंने इस विचार को सबसे पहले अमित साटम के साथ साझा किया था। उन्होंने कहा कि मुंबई में अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग रहते हैं और हर कोई यहां बेहतर जीवन जीने का सपना लेकर आता है। हालांकि शहर में जगह की कमी है और जनसंख्या बहुत अधिक है, फिर भी यहां के लोगों में ऊर्जा और उत्साह की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है और यहां रहने वाला हर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीवन बिताना चाहता है। अभिनेता ने अपने स्कूल के दिनों का उदाहरण देते हुए इस लीग के विचार को समझाया।

## उज्जैन संभाग

# 7.5 लाख के 3 कैमरे नहीं लौटाए, शादी के लिए किराए पर दिए थे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •फोटोग्राफरों के साथ धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। उज्जैन फोटोग्राफी एसोसिएशन के सदस्यों ने माधव नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि किराए पर दिए गए 7.5 लाख रुपए के तीन कैमरे वापस नहीं मिले हैं। ग्राम भैसोदा निवासी कृपाल सोलंकी ने बीती 1 मार्च को शादी समारोह में फोटोग्राफी के लिए रजत बड़वाय को तीन कैमरे किराए पर दिए थे। ये कैमरे विनायक कैफे के पास दिए गए थे और दो दिनों के लिए थे, लेकिन रजत बड़वाय ने आज तक इन्हें वापस नहीं किया है। शिकायत के अनुसार, रजत बड़वाय लगातार बहाने बनाता रहा और कहता रहा कि कैमरे जयपुर में चल रहे हैं। बाद में उसने गुमराह करना शुरू कर दिया। जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 7,50,000 रुपए है। इनमें से एक कैमरा हाल ही में खरीदा गया था, जिसकी ईएमआई अभी भी जारी है। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि आरोपी रजत बड़वाय उज्जैन के अवंति पूरा का निवासी है। चूंकि कैमरे विनायक कैफे के पास दिए गए थे, इसलिए मामला माधव नगर थाना क्षेत्र में दर्ज कराया गया है। एसोसिएशन सदस्य संतोष पंवार ने कहा कि फोटोग्राफर आमतौर पर भरोसे के आधार पर एक-दूसरे को कैमरे किराए पर देते हैं, लेकिन इस मामले में आरोपी ने इस भरोसे का गलत फायदा उठाया है। फोटोग्राफरों का कहना है कि वे पिछले तीन दिनों से थाने के चक्कर लगा रहे हैं और लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। फोटोग्राफरों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कैमरों की जल्द बरामदगी की मांग की है।

# जिले में 15% गेहूं की कटाई, स्ट्रॉ रीपर का कम हुआ उपयोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • जिले में इस बार नरवाई (गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेष या पराली) के प्रबंधन के लिए कृषि कल्याण विभाग और राजस्व के अफसरों ने लगातार बैठकें लीं। इसमें हार्वेस्टर मशीन संचालकों और किसानों को स्पष्ट रूप से समझाते हुए चेतावनी तक दी कि फसल कटाई में कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर का उपयोग करें। इससे भूसा निकलेगा और नरवाई खेतों में नहीं रहेगी। न ही जलाने की जरूरत पड़ेगी । बैठकों में इन कवायदों के बाद अफसरों के दावे हैं कि इस बार नरवाई नहीं जलेगी। इन तमाम प्रयास व दावों के बीच जिले में जिले में करीब 15 फीसदी गेहूं की कटाई हो चुकी है। इसमें स्ट्रा रीपर का उपयोग नहीं होने से फिलहाल नरवाई खेतों में पड़ी है। जिले में इस बार 5 लाख 2 हजार हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बुआई की गई थी। अभी जिन खेतों में कटाई हो रही है, वे फसलें पहले चरण में बुआई वाली है। अधिकांश फसल तो अभी खेतों में ही खड़ी है। पिछले वर्ष नरवाई जलाने वाले करीब 20 किसानों से अर्थदंड वसूलने की कार्रवाई की गई थी। इस बार भी नरवाई जलाने की घटना सामने आई तो हार्वेस्टर संचालक और किसान दोनों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। समझाइश और चेतावनी दी है। नरवाई जलाना नुकसानदायक है। किसान समय और श्रम बचाने के लिए नरवाई जलाते हैं। इससे खेत की उर्वरक क्षमता कम होती है।

# अभा टेपा सम्मेलन : हास्य कवि शंभू शिखर को देंगे सांदीपनि न्यास टेपा सम्मान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर1 अप्रैल को 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन कालिदास अकादमी में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में इस वर्ष का सांदीपनि न्यास टेपा सम्मान हास्य कवि शंभू शिखर को प्रदान किया जाएगा। होने वाले कांव-कांव सम्मेलन में बॉलीवुड के हास्य अभिनेता फिल्म धुरंधर फेम राकेश बेदी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि अपनी रचनाएं सुनाएंगे। मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नोद की प्रिया खुशबू और धार के लोकेश जडिया को भी विभिन्न स्मृति सम्मानों से नवाजा जाएगा। आयोजन की खास परंपरा के तहत स्थानीय हस्तियों पर प्रशस्ति वाचन और चिल्मी मुकदमा भी चलाया जाएगा। इस दौरान शहर के गणमान्यजन मौजूद रहेंगे।

# सम्राट विक्रमादित्य टीले पर फहराई सबसे लंबी ऊंची धर्म ध्वजा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** • श्री करपात्री कल्याण आश्रम बड़वाह एवं विक्रमादित्य नवसंवत् धर्म ध्वजा समिति की ओर से सुबह 9 बजे गोपाल मंदिर पर महात्माओं द्वारा ध्वज पूजा कर चल समारोह प्रारंभ किया गया। चल समारोह का स्वरूप सिंहस्थ में निकलने वाली पेशवाई के स्वरूप में निकाला गया। 51 फीट लंबी ध्वजा के साथ चल समारोह छत्री चौक से विक्रमादित्य टीले पर पहुंचा।

चल समारोह मार्ग पर भक्तों ने धर्म ध्वजा एवं संतों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्री गुरु परंपरा अनुसार आयोजित कार्यक्रम रुद्र सागर में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि महाराज, महंत ज्ञानदास महाराज, भागवतानंद गिरि महाराज, स्वामी रामकृष्णनंद गिरि, महंत नीलेश्वर गिरि, पं. गिरीश शर्मा और सच्चिदानंद महाराज ने परंपरागत ध्वज बदला।

चल समारोह में विद्वान ब्राह्मण बटुक, मनोज मेहता ग्रुप सांवेर, इंदौर की नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती तलवार भाले का प्रदर्शन करती हुई कन्याएं, बंगाली समाज की 51 शंख ध्वनि करती हुई महिलाएं, वैदिक मंत्रोच्चार करते 150 बटुक ब्राह्मण और शौर्य प्रदर्शन करते अखाड़ों विद्यार्थी ढोल-ताशे और बैंड बाजे के साथ रथ में विराजित मां की पादुका के साथ शामिल थे। ध्वजारोहण के पश्चात संतों ने दीप प्रज्वलित कर डॉ. कल्याणी चैतन्य अम्माजी की पादुका का पूजन गादीपति सच्चिदानंद महाराज एवं समिति सदस्यों ने कर महात्माओं का सम्मान किया।

# पेट्रोल पंप के पास वैन में आग कर्मचारियों की सतर्कता से टला हादसा

**दैनिक इंदौर संकेत**



**आगर - मालवा** • आगर शहर में गुरुवार दोपहर विजय स्तंभ स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास एक ओमनी वैन में अचानक आग लग गई। यह घटना गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे हुई। चूंकि वाहन पेट्रोल पंप के बेहद करीब खड़ा था, इसलिए आग फैलने और बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने तुरंत सूझबूझ दिखाई। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। कर्मचारियों की तत्परता से आग को फैलने से काफी हद तक रोका जा सका।

इसी दौरान, नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम भी मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने की कार्रवाई में जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

आग लगने के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि ओमनी कार को काफी नुकसान पहुंचा है। आग लगने के प्रारंभिक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# सिंहस्थ-2016 का कचरा 10 साल तक एक जगह पड़ा रहा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ-2016 के दौरान एमआर-5 पर पूरे सिंहस्थ क्षेत्र का कचरा डंप किया था, जो अब तक यानी 2026 तक वहीं पड़ा था। इससे क्षेत्र की करीब 15 कॉलोनी के लोग परेशान थे और कई बार इसमें आग लगने की वजह से परेशानी के साथ फायर ब्रिगेड को कई गैलन पानी खर्च कर बुझाना पड़ती थी। अब एक माह पूर्व ही यहां का कचरा पूरी तरह साफ कर दिया है। अब ऐसा न हो इसके लिए शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर नगर निगम अपनी तैयारियां बढ़ा रही है। सिंहस्थ के दौरान शहर में अनुमान के मुताबिक 30 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए चार नए ट्रांसफर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2026-27 में रखा है। इन नए ट्रांसफर स्टेशनों पर कचरा इकट्ठा कर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किया जाएगा और फिर गोंदिया स्थित प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाएगा। कैप्सूल वाहन की क्षमता 18 से 20 मैट्रिक टन है और एक ट्रांसफर स्टेशन की दैनिक क्षमता लगभग 300 टन तय की है। आवश्यकता पड़ने पर इसे बढ़ाया भी जा सकता है। वर्तमान में शहर में मुख्य रूप से एमआर-5 और गऊघाट स्थित ट्रांसफर स्टेशन संचालित है, लेकिन सिंहस्थ के चलते अन्य जगह भी ट्रांसफर स्टेशन बनाने की तैयारी है। फिलहाल ट्रांसफर स्टेशन से निकलने वाले कचरे को सेग्रीगेशन के बाद गोंदिया स्थित प्रोसेसिंग प्लांट भेजा जाता है। जहां गीला कचरा कम्पोस्ट खाद और बायोगैस में बदला जाता है, जबकि सूखे कचरे से प्लास्टिक, कागज और अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। शहर से प्रतिदिन करीब 180 टन कचरा निकलता है, जिसमें लगभग 110 टन गीला और 70 टन सूखा कचरा शामिल है। त्योहारों के दौरान यह मात्रा बढ़कर करीब 240 टन तक पहुंचती है।

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू सिलेंडर की हो रही पर्याप्त आपूर्ति

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ बनी हुई है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा विगत 10 दिनों में घरेलू सिलेंडर आपूर्ति एवं प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु आज रेसिडेंसी कोठी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन तथा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के सेल्स अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी तथा गैस एजेंसियों के डीलर उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पिछले 10 दिनों में घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3 लाख 63 हजार गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में एक रिकॉर्ड है। सामान्यत: इसी अवधि में लगभग 2 लाख 60 हजार सिलेंडरों की आपूर्ति होती है। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि अस्पतालों एवं शैक्षणिक संस्थानों को, जिन्हें कमर्शियल सिलेंडर हेतु विशेष छूट प्रदान की गई है, उनकी आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

### चेटीचंड पर्व भारतीयों के हृदय में जागृत रखता है अखंड भारत का सपना- मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि चेटीचंड का पर्व अखंड भारत की याद दिलाता है और भारतीयों के हृदय में अखंड भारत का सपना जागृत रखता है। सामाजिक उत्सवों से एक दूसरे के प्रति प्रेम और आत्मीयता बढ़ती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य को उनकी वीरता, न्यायप्रियता और दानशीलता के लिए याद किया उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य से प्रेरित होकर शासन उन गुणों को आत्मसात कर सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के टावर चौक पर चेटीचंड महापर्व पर आयोजित सिंधी समाज के चल समरोह का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत 2083 में बाबा श्री महाकाल की नगरी से देश एवं प्रदेशवासियों को चेटीचंड के महापर्व की मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश, प्रदेश विकास के नवीन आयाम स्थापित कर रहा है।

# गौतमपुरा भंगार व्यापारी को नेताओं का संरक्षण

## तीसरी आंख में कैद है गाड़ी कटिंग का खेल, पुलिस गंभीरता से जांच करे तो हो जायेगे बड़े खुलासे

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गौतमपुरा क्षेत्र में भंगार कारोबारी अब नेताओं के संरक्षण का आसरा ले रहा है, जगह-जगह नेताओं से मामला निपटने को लेकर दबाव प्रभाव की राजनीति भंगार व्यापारी चालू कर दी है। लेकिन भंगार व्यापारी अपने ही जाल में उलझता दिखाई दे रहा है। जानकारी मैं आपको बता दें पठान गौतमपुरा क्षेत्र में करीब 1 साल से भंगार की गाड़ियां काटने का काम कर रहा है। जमीनी हकीकत पर देखा जाए तो भंगार व्यापारी के पास गाड़ी काटने के कोई ठोस कागज या अनुमति नहीं है। जानकारी में पता चला है कि भंगार दुकान में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए पुलिस और प्रशासन अगर शक्ति से इसकी जांच करें, तो फोर व्हीलर गाड़ी काटने का मामला उजागर हो सकता है लेकिन भंगार



व्यापारी अब इस मामले को दबाने का लगातार प्रयास कर रहा है व्यापारियों को भाजपा के नेताओं का खुला संरक्षण भी प्राप्त है इसलिए अब तक प्रशासन भी इस मामले को अनदेखा कर रहा है।

गौतमपुरा क्षेत्र में अब दो नंबर के काम खुलेआम चुनौती दे रहे हैं आम जनता का भरोसा टूटने की कगार पर है क्या गौतम ऋषि की पावन नगरी कहे जाने वाला गौतमपुरा अ पवित्र महसूस कर


भंगार की आड़ में स्क्रैप की गाड़ियां कट रही है धड़ल्ले से
कौन सप्लाई कर रहा गाड़ियां किसकी अनुमति से कट रही गाड़ियां

रहा है क्या गौतमपुरा में सत्ता के आगे नसमस्तक है जिम्मेदार अधिकारी आखिर कब तक भंगार दुकान की आड़ में गाड़िया कटेगी आखिर भंगार दुकान मालिक को कौन संरक्षण दे रहा है ऐसी क्या मजबूरी है अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

पुलिस और प्रशासन के लिए सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग ही भंगार दुकान की पोल खोल सकती है दुकान पर कहां से गाड़ी आ रही है कौन-कौन गाड़ियां लेकर आ रहा है क्या इंदौर जिले के अलावा बाहर की गाड़ियां भी गाड़ी कटिंग के लिए गौतमपुरा पहुंच रही है इन सब की जानकारी सीसीटीवी फुटेज में निकल कर बाहर आ सकती है यही रिकॉर्डिंग और फुटेज कार्यवाही के लिए अहम सबूत बन सकते हैं लेकिन इसके लिए पुलिस और प्रशासन को गंभीरता से जांच कर कार्यवाही करना पड़ेगी लेकिन भंगार व्यापारी इस मामले में सेटिंग करने का लगातार प्रयास कर रहा है सूत्र बताते हैं कि कई भाजपा नेताओं से भंगार व्यापारी मिलकर इस मामले को निपटाना चाहता है।

इंदौर संकेत की खबर प्रकाशित होने के बाद गौतमपुरा थाना प्रभारी अलका मैनिया ने भंगार व्यापारी को तलब कर जानकारी जुटाई लेकिन व्यापारी ने वहां भी झूठ बोलकर मामला निपटने का प्रयास किया थाना प्रभारी के सामने व्यापारी ने झूठी जानकारी देकर बचने का प्रयास किया लेकिन थाना प्रभारी ने प्रतिनिधि को बताया कि कल हमने बिट प्रभारी को भेज जानकारी निकलवाई है अगर कोई गलत काम हो रहा होगा तो कठोर कार्यवाही की जाएगी हम कल भंगार व्यापारी को बुला कर पूरी जानकारी लेगे।

# 1 अप्रैल से लागू होगी नई गाइड लाइन, कई क्षेत्रों में कई गुना बढ़ रही प्रापर्टी की कीमत

## नवरात्र शुरू होते ही पंजीयन कार्यालयों में लौटने लगी है रौनक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मार्च माह चल रहा है, लेकिन पंजीयन कार्यालयों में रौनक नहीं दिखाई दे रही थी। नवरात्र शुरू होने के साथ रौनक लौटी है. लेकिन जैसी होना चाहिए थी, वैसे दिखाई नहीं दे रही है। इस बार प्रापर्टी कारोबार मंदा दिखाई दे रहा है। खाड़ी युद्ध का भी असर दिख रहा है। नवरात्र के पावन अवसर पर संपत्ति पंजीयन कार्यालयों में भीड़ देखी जा रही है, क्योंकि शुभ मुहूर्त में घर, जमीन और वाहनों की खरीदारी के लिए यह समय विशेष माना जाता है। मार्च के अंत और नवरात्र के संयोग के कारण रजिस्ट्री कार्यालयों में हजारों दस्तावेज दर्ज किए जा रहे है। जिससे कार्यालयों पर काम का दबाव बढ़ गया है।

शुभ मुहूर्त में कराने के लिए ज्यादा जोर: नवरात्र में नई संपत्ति खरीदना



### लक्ष्य से अभी काफी दूर

इस बार रियल एस्टेट सेक्टर के धड़ाम होने के चलते पंजीयन आय की हालत खराब है। इंदौर जिले के लिए 3 हजार 097 करोड़ का लक्ष्य है। वहीं, फरवरी माह भी अच्छा नहीं रहा था और केवल कुल आंकड़ा 2200 करोड़ पर पहुंचा था। जबकि लक्ष्य 2900 करोड़ का था, यानी 700 करोड़ रुपए पीछे था। अंतिम माह में 500-600 करोड़ करीब भी मिलता है लेकिन जिस तरह की उत्साह मिलना चाहिए, वैसा दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके कारण लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल है। ऐसे में अब गाइडलाइन दर बढ़ा ?कर आगामी साल में इसे पूरा करने की कोशिया की जा रही है। लेकिन फिलहाल खाही युद्ध और सोने-चांदी, शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव के चलते अचल संपत्ती में दहराव आ गया है। नई गाइडलाइन में इंदौर की 2600 से अधिक लोकेशन्स पर गाइडलाइन रेट्स में वृद्धि की संभावना है, जिससे 1 अप्रैल से रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी।

शुभमाना जाता है, जिससे जमीन और मकान की रजिस्ट्री के लिए बुकिंग में 200 से अधिक मामले प्रतिदिन तक पहुंच गए हैं। वित्तीय वर्ष का अंत: 31 मार्च की डेडलाइन के कारण भी लोग इसी दौरान अपनी रजिस्ट्री कार्य पूरा कर रहे हैं। पिछले 18 दिनों से रजिस्ट्रार कार्यालयों में सन्नाटा छाया हुआ था। लेकिन नवरात्र शुरू होते ही दस्तावेजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। मार्च माह के अंतिम दिनों में ऐसी ही भीड़ देखने को मिल सकती है। समय भी बढ़ाया गया, छुट्टियों में भी खुले कार्यालय: भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पंजीयन स्लॉट का समय शाम 4.30 बजे से बढ़ाकर शाम 6 बजे कर दिया है। जिससे लोगों को ज्यादा स्लॉट मिल रहे है और गर्मी को देखते हुए शाम तक रजिस्ट्रियां हो सकें। दस्तावेजों का पंजीयन सभी सरकारी छुट्टियों के साथ रविवार को भी हो रहा है।

# पंजाबी सिंगर करण औजला के शो की टिकट तीन हजार से 6.49 लाख की

## इंटरटेनमेंट टैक्स नहीं भरा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में सी 21 मैदान पर एक बार फिर बड़ा म्यूजिक कांसर्ट हो रहा है। यह दिलजीत दोसांझ और अरिजीत सिंह शो जैसा ही बड़े स्तर का है। इसकी टिकट की दरें चौंका देंगी। बताया जा रहा है कि सभी टिकट बिक चुकी हैं। वहीं, अभी तक आयोजकों ने नगर निगम को इंटरटेनमेंट टैक्स नहीं भरा है।

**टिकट की दरे 6.49 लाख तक**-टिकट की न्यूनतम दर 3299 रुपए है। वहीं, अधिकतम दर 6 लाख 49 हजार रुपए की है। अन्य दरें 5499 रुपए, 10 हजार 999 रुपए, 16 हजार 500 रुपए, 33 हजार, 2 लाख 59 हजार 600, तीन लाख 89 हजार 400 और 6 लाख 49 हजार हैं।

**15 करोड़ की टिकटें बिकने की बात**-बताया जा रहा है कि 20 हजार से अधिक टिकट बिक चुकी हैं। औसत कीमत के हिसाब से करीब 15 करोड़ की



टिकटें बिक गई हैं या शो तक बिक जाएंगी। इसमें निगम का 10 फीसदी टैक्स बनता है, यानी करीब 1.5 करोड़ का।

वहीं, अभी आयोजकों ने टैक्स जमा नहीं किया है। यह जमा होने के बाद ही निगम से मंजूरी दी जाएगी। इसके पहले भी इंदौर में हुए आयोजनों को लेकर इसी टैक्स पर जमकर विवाद हो चुका है।

**इस तरह आयोजन स्थल पर जोन**-आयोजन स्थल में आगे की ओर स्टेज के पास पाप पिट बनाया गया है, पीछे की ओर फैन जोन है। फिर वीआईपी जोन है और आखिर में जीए जोन है। साथ ही स्टेज के बाएं ओर वीवीआईपी टेबल्स हैं और दाएं की ओर किंग आफ गुड टाइम्स लाउंज बनाया गया है। इसके लिए आयोजकों को अभी आबकारी लाइसेंस भी लेना है।

**महापौर बोले टैक्स के बाद ही देता है निगम मंजूरी**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि शहर में अच्छे आयोजन हों और पूरी सुरक्षा व नियम के साथ और टैक्स भरकर। यही हमारी प्राथमिकता है। आयोजकों से टैक्स भरवाने के लिए अधिकारियों को कहा गया है। फायर ब्रिगेड एनओसी और टैक्स भरे बिना मंजूरी नहीं होती है।

**अधिकारी बोले डिमांड जारी किया है**-वहीं अपर आयुक्त आईएएस आकाश सिंह ने कहा कि आयोजकों से डिमांड की गई है, कार्यक्रम से पहले टैक्स भरवाया जाएगा।

# आबकारी नीति से सरकार को झटका, ठेकों की आधी कीमत ही मिली, बड़े जिलों में इंदौर ही आगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्य प्रदेश सरकार बीते सालों से लगातार 20 फीसदी अधिक राजस्व लक्ष्य बढ़ाकर नई शराब नीति ला रही है। यानी शराब ठेकों की कीमत पांच साल में दोगुनी की जा चुकी है। इस बार 2026-27 के लिए लक्ष्य 19 हजार 952 करोड़ रुपए है, लेकिन 55 जिलों मे हुए ठेकों में अभी तक 10 हजार 480 करोड़ यानी 52.53 फीसदी ठेके ही उठे हैं। सरकार को अब मार्च के बाकी बचे 11 दिन में करीब नौ हजार करोड़ के ठेके बेचने बाकी है। नहीं तो तगड़ा झटका लगेगा।

**कलेक्टर विवाद वाला शाजापुर सबसे पीछे**-शाजापुर में कलेक्टर (आईएएस ऋजु



बाफना) और आबकारी विभाग के बीच हुए विवाद से जमकर नुकसान हुआ है। यहां केवल 20 फीसदी ठेका ही उठा है। जिले की 222 करोड़ रुपए की दुकानों में केवल 43 करोड़ की ही दुकान अभी तक गई है। इसके बाद दमोह, रतलाम कटनी, राजगढ़, अलीराजपुर, नीमच, झाबुआ, छिंदवाड़ा, भिंड, श्योपुर जिले हैं। इन जिलों में 30 फीसदी से कम ठेका गया है।

प्रदेश के चार बड़े शहरों की बात करें तो सबसे बेहतर हालत इंदौर की है। यहां 2 हजार 102 करोड़ का लक्ष्य है। इसमें 86 फीसदी यानी 1821 करोड़ रुपए आ चुके हैं। भोपाल में 1431 करोड़ के ठेके में से 31 फीसदी यानी 349 करोड़ के ठेके बिके हैं। ग्वालियर में 677 करोड़ के ठेके में से 538 करोड़ के यानी 80 फीसदी से अधिक बिक चुके हैं। जबलपुर में 1104 करोड़ के ठेके में से 314 करोड़ यानी करीब 30 फीसदी ही गया है। वहीं सबसे ज्यादा चर्चित बॉर्डर वाले जिले जो गुजरात लाइन के कारण अधिक उठते हैं। इसमें धार, झाबुआ, अलीराजपुर है। इनकी हालत भी इस बार खराब है। अलीराजपुर में सबसे ज्यादा हालत खराब है। यहां 141 करोड़ के ठेके में से केवल 32 करोड़ के 23 फीसदी ही ठेका बिका है। झाबुआ में 345 करोड़ के ठेके में से केवल 25 फीसदी 85 करोड़ की दुकान ही बिकी है।

# मध्य प्रदेश में 1 लाख शिक्षकों की नौकरी खतरे में : पीसी शर्मा

**भोपाल (एजेंसी)** ● मध्य प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने से 1 लाख से ज्यादा शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखकर शिक्षकों को राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा- सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करे। पीसी शर्मा ने पत्र में लिखा- प्रदेश के बड़ी संख्या में शिक्षकों में डर और निराशा का माहौल बन गया है। जिन शिक्षकों की नियुक्ति पहले ही तय नियमों और योग्यताओं के आधार पर हो चुकी है, उन्हें अब दोबारा परीक्षा देने के लिए बाध्य करना उचित नहीं है।

शर्मा ने लिखा- स्कूल शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं। जुलाई-अगस्त 2026 में परीक्षा हो सकती है। शिक्षकों की भर्ती पहले ही तय नियमों के तहत की गई है। उनके पास डीएड, बीएड जैसे जरूरी प्रशिक्षण भी हैं। साथ ही उन्हें समय-समय पर ट्रेनिंग भी दी जाती रही है।

दूसरे राज्य भी पुनर्विचार याचिका दायर कर चुके - शर्मा ने यह भी कहा कि अन्य राज्यों में भी इस मामले में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है, इसलिए मध्य प्रदेश सरकार को भी शिक्षकों के हित में ऐसा कदम उठाना चाहिए, ताकि उन्हें टीईटी से राहत मिल सके। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में नई भर्तियों के लिए टीईटी अनिवार्य किया जा सकता है, लेकिन पुराने शिक्षकों को राहत दी जानी चाहिए। साथ ही मुख्यमंत्री से जल्द सकारात्मक फैसला लेने की अपील की है। वहीं, जीतू पटवारी ने भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से परीक्षा लेने के बजाय उनकी ट्रेनिंग कराई जानी चाहिए। इससे शिक्षकों की गुणवत्ता भी बढ़ेगी और अनावश्यक दबाव भी नहीं बनेगा। वर्तमान सरकार शिक्षकों में डर का माहौल बना रही है, जो उचित नहीं है।


मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि जिन शिक्षकों की नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने से पहले हुई थी। उन्हें सेवा में बने रहने के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य होगा।

# ईएसबी की सिपाही, आबकारी परीक्षा के नकल घोटाले में एफआईआर, लेकिन जेल प्रहरी में हुआ बड़ा खेल दबा दिया

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की दो परीक्षा, आबकारी आरक्षक और सिपाही भर्ती में नकल कांड का खुलासा द सूत्र ने किया। इन दोनों ही मामलों में ईएसबी ने एफआईआर के लिए लिखा। लेकिन इसके पहले भी एक बड़ी परीक्षा में खेल हो चुका है, जिस पर मंडल चुप है। पीएमटी घोटाले के बाद व्यापमं का नाम भले ही बदल दिया गया हो, लेकिन अभी भी घोटाले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पीएमटी के बाद सबसे चर्चित घोटाला पटवारी भर्ती परीक्षा का आया था। इसमें टॉप टेन में से 7 एक ही सेंटर से निकले थे। लेकिन इस घोटाले में जांच की खानापूर्ति कर सभी की क्लीन चिट दे दी और भर्ती भी हो गई। हाल ही में सिपाही भर्ती परीक्षा और आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में सेंटर पर फिर से नकल कांड सामने आया। सिपाही भर्ती में भोपाल के केंद्र पर 12 संदिग्ध मिले, तो आबकारी आरक्षक में रतलाम के केंद्र पर 14 संदिग्ध मिले। लेकिन इन सभी से बड़ा एक और कांड हो चुका है, जिसे दबा दिया गया।

**राजा भैय्या याद है ना आपको, इसी जेल प्रहरी में खेल**-हम बात कर रहे हैं उस जेल प्रहरी, वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2023 की, जिसके टॉपर राजा भैय्या प्रजापति शायद आपको याद होंगे। दिसंबर 2024 में इस परीक्षा का रिजल्ट आया था।




टॉपर राजा भैय्या को 100 में से 101.66 नंबर आए हैं, जो इतिहास में पहली बार हुआ है। इसके बाद राजा भैय्या और अन्य टॉपर गायब हो गए और चुपचाप ज्वाइनिंग कर ली। बताया गया कि नार्मलाइजेशन फार्मूले के कारण यह अधिक अंक बताए गए। इसी जेल प्रहरी, वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में सबसे बड़े सेंटर पर नकल घोटाला हुआ था।

**इस परीक्षा में 109 उम्मीदवारों पर नकल की शंका**- इस परीक्षा में करीब आधा दर्जन शहरों में एक-दो नहीं, पूरे 109 उम्मीदवारों पर सेंटर में

### ईएसबी ने नहीं कराई इन पर एफआईआर

इस मामले में ईएसबी ने किसी भी उम्मीदवार पर केस दर्ज नहीं कराया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसका कारण है कि सिपाही भर्ती और आबकारी भर्ती में सीसीटीवी फुटेज भी है और कई और तकनीकी मजबूत साक्ष्य हैं। इसके बावजूद जेल प्रहरी परीक्षा में केवल पैटर्न का ही एनालिस किया गया, इसी में ये 109 संदिग्ध मिले, लेकिन सीसीटीवी व अन्य मजबूत तकनीकी साक्ष्य नहीं हैं। इसके चलते एफआईआर के लिए फाइल नहीं चलाई गई और मामला ठंडा हो गया।

मिलीभगत कर नकल करने की आशंका है। ईएसबी द्वारा रिजल्ट जारी करने से पहले चयनित होने वाले उम्मीदवारों के परीक्षा पैटर्न को जांचा जाता है। यानी देखा जाता है कि जिस कंप्यूटर पर वह बैठा है, वहां पर वह कितने मिनट में कितने सवालों का जवाब दे रहा है। कुल कितने प्रश्न किए, किस गति से किए आदि। यहां पर एआई टूल की मदद से पता चलता है कि उम्मीदवार के कंप्यूटर को काम्प्रोमाइज तो नहीं किया गया था। इसी तरीके से सिपाही और आबकारी आरक्षक के संदिग्ध चिन्हित हुए। इस पैटर्न से जेल प्रहरी परीक्षा में भोपाल, सागर, सतना व अन्य शहरों (करीब 6 शहरों के परीक्षा केंद्र) के 109 उम्मीदवार चिन्हित हुए और उनके रिजल्ट होल्ड कर दिए गए।

**सिपाही भर्ती में यह हुआ कांड**-कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल घोटाला हुआ है। ईएसबी ने सिपाही भर्ती परीक्षा के संदिग्ध 14 उम्मीदवारों के खिलाफ भोपाल साइबर सेल में औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज कर दी है। मंडल द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि 30 अक्टूबर से 15 दिसंबर 2025 तक 11 शहरों के 46 परीक्षा केंद्रों पर सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें डाटा की जांच, सीसीटीवी फुटेज, रजिस्ट्रेशन लॉगइन डिटेल यानी जिस कंप्यूटर पर उम्मीदवार ने परीक्षा दी, उनकी जांच की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।